

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 23 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 274 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## पीएफआई ने लगाया एनआईए पर आतंक का माहौल बनाने का आरोप

### रविशंकर प्रसाद बोले: जिसके खिलाफ सबूत होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकी फंडिंग के संदिग्धों के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी की और 100 से अधिक पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पीएफआई अध्यक्ष ओएमए सलाम और प्रदेश अध्यक्ष सीपी मुहम्मद बशीर को मलप्पुरम के मंजेरी से हिरासत में लिया गया। जांच एजेंसी ने गुरुवार सुबह साढ़े तीन बजे ओखला से दिल्ली पीएफआई प्रमुख परवेज अहमद और उनके भाई को भी गिरफ्तार किया। बिहार सहित टेरर लिंक को लेकर 10 राज्यों में छापेमारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए कानूनी कदम उठाया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिसके खिलाफ सबूत होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। वहीं दूसरी तरफ पीएफआई की तरफ से कहा गया कि एनआईए आतंक का माहौल बना रही है। गृह मंत्री अमित शाह पूर्णिया और किशनगंज आ रहे हैं। बाद में किशनगंज में बिहार प्रदेश के नेताओं सांसदों और विधायकों के साथ बैठक करेंगे। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैंने सुना है कि लालू जी (राजद प्रमुख), नीतीश जी (बिहार के सीएम) और डिप्टी सीएम तेजस्वी जी दुखी हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार आ रहे हैं। क्या गृह मंत्री को अब उनसे बिहार जाने का निर्देश लेने की जरूरत है? बिहार भारत का अंग है और बिहार में सभी को जाने घूमने का अधिकार है। सभी देशवासियों को ये अधिकार है।



## योगी के मंदिर में लगने लगा श्रद्धालुओं का तांता, एक भक्त ने चढ़ाया सवा किलो चांदी का छत्र

अयोध्या। अयोध्या तो वैसे ही राम मंदिर को लेकर पावन भूमि के तौर पर जाना जाता है। हालांकि, अयोध्या से कुछ किलोमीटर की दूरी पर योगी आदित्यनाथ की एक मंदिर बन चुकी है। मंदिर में अब भक्तों का तांता भी लगने लगा है। मंदिर बनवाने वाले शख्स का नाम प्रभाकर मौर्य है। कुछ दिन पहले प्रभाकर मौर्य ने दावा किया था कि उन्होंने इस मंदिर का निर्माण 8 लाख में कराया है। मंदिर में पूजा पाठ भी होने लगा है। आसपास के लोग लगातार मंदिर में पूजा करने आते हैं। राम जन्मभूमि मंदिर से इस मंदिर की दूरी 25 किलोमीटर है। मंदिर में योगी आदित्यनाथ की मूर्ति लगी है। सुबह–शाम पूजा होती है और आरती उतारी जाती है। वहीं, मंदिर में अब चढ़ावे की भी शुरुआत हो चुकी है। नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित जानी योगी आदित्यनाथ के मंदिर पहुंचे। योगी आदित्यनाथ की मूर्ति की पूजा करने के बाद उन्होंने सवा किलो चांदी का छत्र भी चढ़ाया है। अमित जानी भी योगी आदित्यनाथ के समर्थक बताए जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि जैसे ही हमें इस मंदिर के बारे में जानकारी मिली, हम खुद को रोक नहीं सके और यहां चले आएं। अमित जानी ने कहा कि जिस तरीके से सन्यासी, साधू या किसी देवी–देवता पर चढ़ावा चढ़ता है, उसी तरीके से यहां भी चढ़ावा चढ़ाया गया है। जानी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आखिर वे इस मंदिर से क्यों चिढ़ रहे हैं? इतना ही नहीं, अमित जानी की ओर से दावा किया गया कि अखिलेश यादव के समर्थक भी उनके नाम से टीपू मदरसा इस्लामिया या औरंगजेब मदरसा बना सकते हैं। आपको बता दें कि योगी को इस मंदिर में राम के अवतार में दिखाया गया है। योगी आदित्यनाथ की जो मूर्ति है, उसके हाथ में धनुष और तीर भी थमाया गया है। इसके अलावा उनके पीछे चक्र भी दिखाई दे रहा है। प्रभाकर का दावा किया था कि योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं इसलिए उनके लिए वह भगवान से कम नहीं हैं। उन्होंने बताया था कि हमने योगी आदित्यनाथ जी का मंदिर बनवाया है इसलिए क्योंकि वह भगवान राम का मंदिर बनवा रहे हैं।




## छात्र–छात्राओं और अध्यापकों को प्रशासनिक अधिकारी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

लखनऊ। छात्र– छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए राज्य परियोजना कार्यालय के प्रशासनिक



अधिकारी संजय शुक्ल एवं विशेषज्ञ डॉ. सौरभ मालवीय ने बृहस्पतिवार को प्राथमिक विधालय गड़ेरियन पुरवा पहुचें। छात्रों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए संजय शुक्ल ने कहाकि हर वर्ष 100 घंटे यानि सप्ताह में 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता को हम चरितार्थ कर सकते है। स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे प्रदेश एवं विधालय को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उक्त अवसर पर श्री शुक्ल ने प्रत्येक कक्षा मे एक छात्र को स्वच्छता प्रहरी बनाया जो स्वयं की प्रेरणा से कार्य करेगा साथ ही विधालय परिसर की सामोहिक रुप से सफाई कार्य किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई साथ ही पांच छात्रों को चिन्हित कर स्वच्छता टीशर्ट पहनाया गया उसके बाद परिसर में स्वच्छता प्रतीक स्वरूप स्वच्छता ध्वज लगाया गया एवं प्रधान अध्यापिका को सफाई किट भेंट किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रामराज, ए आर पी आशीष सिंह, प्रधान अध्यापक श्रीमती लली सिंह,स्मिता, अर्चना सहित अनेक गड़मान्य उपस्थित थे।

## Congress President Election:
## 24 सितंबर से नामांकन, 19 अक्टूबर को मिलेगा नया प्रेसिडेंट

नई दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण ने आधिकारिक तौर पर सोनिया गांधी के उत्तराधिकारी यानी एआईसीसी अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुच्छेद ग्टप्प् के प्रावधान के तहत निहित शक्ति के तहत पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव के अनुसार होने की घोषणा की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोतकांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे हैं। वो पार्टी में दोहरी भूमिका निभाने को तैयार हैं। वहीं कांग्रेस के नाराज कैंप जिसे जी 23 कहा जाता है, अध्यक्ष पद को लेकर एकमत नहीं है। शशि थरूर ने अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के संकेत दिए थे। जिसके बाद कहा जा रहा था कि जी 23 कैंप की तरफ से उन्हें अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ाया जा रहा है। लेकिन अब कहा जा रहा है कि थरूर के नाम की कोई चर्चा नहीं हुई है और ये थरूर का खुद का फैसला है। इस साल मई में पार्टी के श्चिंतन शिविरश के दौरान कांग्रेस ने उदयपुर डिक्लेकेशन को अपनाया और इस घोषणा के अनुसार लागू किए जाने वाले ष्संगठनात्मक सुधारोंष् में से एक एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत था। जबकि श्एक व्यक्ति, एक पदश नियम कभी लागू नहीं हुआ क्योंकि सचिन पायलट डिप्टी सीएम और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष दोनों थे, कमलनाथ के साथ भी ऐसा ही था। लेकिन यह सब उदयपुर के प्रस्ताव के साथ बदल गया जब यह तय किया गया कि एक पद के लिए एक व्यक्ति ही होगा। लेकिन गहलतो के बयान के बाद ऐसे भी संकेत मिले हैं कि वे अध्यक्ष के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भी काबिज रहेंगे। कांग्रेस की अधिसूचना के अनुसारः चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच की तिथि एक अक्टूबर को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर होगी। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर चुनाव 17 अक्टूबर को होगा। 19 अक्टूबर को मतगणना और परिणामों की घोषणा होगी।



## दक्षिणा में मिले केले नहीं देने पर गुस्साई पालतू हथिनी, महावत को सूंड़ से नीचे गिरा पैर से कुचला, मौत

सिवनी (मध्य प्रदेश)। केला न देने को लेकर गुस्साई एक पालतू हथिनी ने अपने 55 वर्षीय महावत को सूंड से नीचे गिराकर पैर से कुचलकर मार डाला। सिवनी जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर बंडोल थाना अंतर्गत राहीवाड़ा गांव के पास हुई। बंडोल के थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर ने बुधवार को बताया कि इन दिनों बाहर के कुछ लोग हथिनी लेकर घूम रहे हैं और गांव–गांव जाकर लोगों से दक्षिणा मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि बंडोल से राहीवाड़ा गांव की ओर जाते समय दमोह निवासी महावत भरत वासुदेव (55) हथिनी पर बैठा था। इसी बीच वहां से केला लेकर जा रहे ट्रक चालक ने ट्रक रोका और हथिनी को खिलाने के लिए कुछ केले दिए लेकिन महावत ने उन्हें अपने पास रख लिया। उन्होंने बताया कि इससे हथिनी ने गुस्से में आकर सूंड से भरत को दबोचा और नीचे पटक कर पैर से कुचल दिया। भरत को किसी तरह बचाकर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समूह के लोगों ने बताया कि हथिनी का नाम हीरा है और उसकी उम्र करीब 20 साल है। उनका कहना है कि लेकिन वह इतने गुस्से में आकर किसी की जान ले लेगी यह सोचा नहीं था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में कानूनी कार्रवाई कर रही है।



## पंजाब विधानसभा का सत्र 27 सितंबर को होगाः मुख्यमंत्री भगवंत मान



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा का सत्र 27 सितंबर को आयोजित होगा। राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का फैसला राज्यपाल द्वारा वापस लिए जाने के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मान ने कहा, '' आज यहां मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि विधानसभा का सत्र 27 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।''

## चीफ इमाम से दिल्ली की मस्जिद में मिले संघ प्रमुख मोहन भागवत

### एक महीने में मुस्लिम बुद्धिजीवियों संग दूसरी बड़ी मुलाकात

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख इमाम उमर अहमद इलियासी से मुलाकात की। यह बैठक अन्य समुदायों और धर्मों के प्रतिनिधियों के प्रति आरएसएस की चल रही पहुंच का हिस्सा है। आरएसएस के एक पदाधिकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में एक मस्जिद में हुई बैठक समाज के एक क्रॉस सेक्शन के लोगों से जुड़ने के संघ के प्रयासों का हिस्सा है। दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग मस्जिद में ये बैठक हुई। बैठक करीब एक घंटे तक चली। संघ प्रमुख ने रेखांकित किया कि भारत को आगे बढ़ने के लिए विभिन्न समुदायों और धर्मों के बीच एकता की आवश्यकता है।



## बीएमसी ने नहीं दी उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को शिवाजी पार्क में दशहरा रैली करने की अनुमति

मुंबई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को यहां के शिवाजी पार्क में दशहरा रैली के आयोजन की अनुमति नहीं दी। बीएमसी के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बीएमसी के अधिकारियों के अनुसार, मुंबई पुलिस द्वारा उठाए गए कानून व्यवस्था से संबंधित मुद्दों के आधार पर शिवाजी पार्क में रैली आयोजन की अनुमति देने से इनकार किया गया। बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने पीटीआई–को बताया कि बीएमसी प्रशासन ने शिवसेना के दोनों गुटों को पांच अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर शिवाजी पार्क में एक रैली के आयोजन की अनुमति देने से इंकार कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने पत्र भेजकर दोनों गुटों को अनुमति नहीं देने की जानकारी दी है। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के अनिल देसाई ने 22 अगस्त को बीएमसी को मध्य मुंबई के प्रतिष्ठित पार्क में रैली आयोजित करने की अनुमति के लिए आवेदन किया था।








## मैं तो जादूगर हूं, आपने ममता बनर्जी पर कौन सा जादू किया? गहलोत ने धनखड़ से किया सवाल, टीएमसी ने ये जवाब दिया

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान समारोह का अवसर था। इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विपक्ष की नेता वसुंधरा राजे और अन्य कांग्रेस और भाजपा नेताओं ने भाग लिया। वैसे तो इस बैठक का बंगाल या तृणमूल से कोई लेना–देना नहीं था। लेकिन जहां जगदीप धनखड़ मौजूद हों, वहां बंगाल का विषय न आना असामान्य लगता है। इसलिए ये मुद्दा सामने आया और जिसने बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को काफी असहज कर दिया। राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के शीर्ष नेता अशोक गहलोत ने जगदीप धनखड़ से पूछा कि उन्होंने किस जादू से ममता को श्वश मेंश किया? वास्तव में ममता के साथ उनके संबंध तब चरमरा गए जब वे धनखड़ राज्य के राज्यपाल थे। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी उन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उन्हें श्पद्मापालाश करार दिया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने अंततः उप–राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार को वोट नहीं दिया। इसे इस तहह भी देखा गया कि सीधे तौर पर धनखड़ का समर्थन न करने पर भी तृणमूल ने मतदान से परहेज किया। उस मुद्दे को उठाते हुए अशोक गहलोत ने तंज कसते हुए धनखड़ से पूछा, ष्मैं एक जादूगर हूं, लेकिन आपने ममता बनर्जी पर कौन सा जादू कर दिया? हालांकि, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सीधे सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने हंसते हुए कहा, ष्मैं राजनेता नहीं हूं। अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे मुझसे बेहतर जानेंगे कि राजनीतिक फैसले क्यों लिए जाते हैं, किस आधार पर फैसले लिए जाते हैं। बंगाल के राज्यपाल के रूप में मैं वसुंधराजी से जानना चाहता हूं कि ममता पर कैसे जादू किया जाए?



# विश्व शांति दिवस पर स्काउट गाइड ने दिया शान्ति संदेश

## –सर्व धर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

अयोध्या। विश्व शांति दिवस के अवसर पर पर स्काउट और गाइड ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। यश विद्या मंदिर,दर्शन नगर के प्रार्थना स्थल पर कब और बुलबुल ने मिलकर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मैसेंजर ऑफ पीस कोऑर्डिनेटर जिला स्काउट मास्टर अनूप मल्होत्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता त्रिपाठी ने श्री मल्होत्रा का स्वागत किया। उप प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र वैश्य ने मुख्य अतिथि के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर समारोह का प्रारंभ किया। सर्व धर्म प्रार्थना सभा में प्रातः स्मरण, रघुपति राघव राजा राम, गुरु वंदना, जय बोलो सत धर्मो की, हर देश में तू, व्यक्तिगत ईश प्रार्थना, मौन प्रार्थना, वी शैल ओवर कम, हर देश में तू हर वेश में तू , शांति पाठ का सस्वर वाचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मल्होत्रा ने बच्चों को कब और बुलबुल के प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इसके पश्चात कब और बुलबुल तथा मैसेंजर ऑफ पीस बच्चों ने मिलकर वृक्षारोपण किया। समारोह में स्काउट मास्टर आदित्य श्रीवास्तव, गाइड कैप्टन सुप्रिया सिंह ने बच्चों के साथ मिलकर विश्व शांति दिवस की महत्ता पर प्रकाश भी डाला । इस अवसर पर नीतू श्रीवास्तव, वन्दना पांडेय, मुस्कान अग्रवाल, नीलम पाठक, सावंत ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की। वहीं दूसरी ओर स्काउट भवन में चल रहे स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन शिविर के दौरान शान्ति दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया तथा स्काउट भवन के प्रांगण में विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट गाइड अध्यापकों ने वृक्ष लगाकर विश्व शांति का सन्देश दिया। इस अवसर पर शिविर के एलओसी राम आसरे, साधना शर्मा, डीटीसी अनूप मल्होत्रा, वन्दना पांडेय प्रशिक्षक बालजति, गीता गुप्ता, वंदना यादव, जितेंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार साहू आदि ने शांति संदेश के माध्यम से विश्व शांति की कामना की।

# रोजगार मेले में 1447 युवाओं को किया गया चयनित

## मेले में 2500 से अधिक युवक–युवतियों ने किया प्रतिभाग

अयोध्या। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा सरस्वती वंदना की गयी। सांसद द्वारा बृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कम्पनियों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद द्वारा सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुये यह बताया गया कि प्रत्येक जनपद में प्रतिमाह रोजगार मेले का आयोजन किया जाता रहा है यह युवाओं को कौशल के साथ रोजगार का अवसर प्रदान करने की योजना है। मुख्य अतिथि द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि आगे बढ़ने के लिये यह बहुत सुनहरा अवसर है, इसका लाभ उठायें। मेले में जनपद के 2500 से अधिक युवाओं एवं युवतियां द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में 39 नामाधीन कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 1447 युवाओं को चयनित किया गया। साक्षात्कार में चयनित अभ्यार्थियों को सांसद लल्लू सिंह, पदमवीर कृष्ण, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी एवं विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। सेवायोजित कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आई0टी0आई0 के 02–02 लाभार्थियों द्वारा अपना अनुभव भी मेले में साझा किया गया। मेले के अवसर पर प्राचार्य राजकीय आई0टी0आई0 विनोद कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। रोजगार मेले में पद्मवीर कृष्ण, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी, राम कुमार द्विवेदी सहायक सेवायोजन अधिकारी कौशल विकास मिशन के मैनेजर अभिषेक शुक्ला एवं श्रीमती सुमन पाण्डेय तथा कश्यप कान्त मिश्रा, मेला व्यवस्थापक एवं समस्त कार्यदेशकध्अनुदेशक व अन्य समस्त स्टाफ भी मौजूद रहे।

# अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुआ शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण

## निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों को कक्षा गतिविधियों से कराया जाना है दक्ष

मिल्कीपुर–अयोध्या। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण मिल्कीपुर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में भारी अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हो गया है। आलम यह है कि प्रशिक्षण शुरू होने के दूसरे दिन तक प्रशिक्षण संसाधन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं जुटाए जा सके हैं। बताते चलें कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद की ओर से बीते 30 जून को जारी आदेश में उल्लेखित किया गया था कि आगामी आगामी 24 जुलाई से 15 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों का प्रशिक्षण हर हाल में पूरा कर लिया जाए किंतु बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस आदेश की हवा निकाल दी तथा शिक्षकों का प्रशिक्षण निर्धारित समयावधि बीत जाने की सप्ताह बाद शुरू हुआ। आपाधापी के बीच मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते 20 सितंबर को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर इनायत नगर के दो छोटे–छोटे कमरों में शुरू करा दिया गया। जबकि यह प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर आयोजित किया जाना था यही नहीं मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में ब्लॉक संसाधन केंद्र भी कुचेरा में काफी पूर्व से बना हुआ है। जिसमें शिक्षामित्रों से लेकर शिक्षकों के अनगिनत बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे शिक्षकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था के साथ–साथ हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा और शिक्षकों के खानपान के भी विशेष प्रबंध किए जाने के आदेश थे। किंतु प्रशिक्षण प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर पंकज मिश्रा ने महानिदेशक बेसिक शिक्षा के उस आदेश की हवा निकाल दी और आपाधापी के बीच बिना संसाधन जुटाए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करा दिया। प्रशिक्षण में सबसे मजे की बात तो यह है कि जिन दो छोटे–छोटे कमरों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों के बैठने की व्यवस्था की गई है उनमें एक कमरे में 60 शिक्षक और दूसरे कमरे में 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया गया। और तो और सबसे मजे की बात तो यह है कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 60 शिक्षकों के सापेक्ष दो ए आर पी प्रशिक्षक और 40 शिक्षकों के सापेक्ष 3 एआरपी प्रशिक्षक लगाए गए हैं। प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन भी शिक्षकों के बैठने के लिए बेंच और कुर्सियों की व्यवस्था होती रही। महिलाओं के लिए रनिंग वाटर शौचालय की भी कोई अतिरिक्त व्यवस्था नहीं की जा सकी है। यही नहीं ऑनलाइन मॉनिटरिंग पर्याप्त संसाधन भी नहीं उपलब्ध है कक्षा कक्ष में इतनी कम जगह है कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक अधिगम संबंधी गतिविधियों को प्रशिक्षण कक्ष में नहीं कर पा रहे हैं उनकी गतिविधियों को बाहर धूप एवं खुले आसमान के नीचे कराया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रति शिक्षक कलम और राइटिंग पैड के नाम पर 20 खर्च करते हुए वितरित किए जाने के निर्देश है किंतु अत्यंत घटिया क्वालिटी की कलम और राइटिंग पैड शिक्षकों को उपलब्ध कराया गया है जिस के संबंध में प्रशिक्षक ए आर पी पारिजा श्रीवास्तव का कहना है कि राइटिंग पैड इतना घटिया क्वालिटी का है कि शिक्षकों में वितरित करते समय ही उसके पन्ने अलग हो जा रहे हैं। प्रशिक्षण कक्ष में पंखा उपलब्ध न होने के चलते शिक्षकों के विरोध के बाद प्रशिक्षण हाल में दूसरे दिन पंखे की व्यवस्था कराई गई। यही हाल अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है, जहां चल रहा शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण बद इंतजामी का शिकार है।

## दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए स्वयंसेवक उत्साहित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशक्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आगामी 23 अक्टूबर को राम की पैड़ी अयोध्या में पांचवी बार गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारियों में तेजी लाई। अविवि के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में दीपोत्सव नेडल अधिकारी व विवि के सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने राम की पैड़ी पर दीए बिछाने व जलाने के संबंध में स्वयंसेवकों, शिक्षक समन्वयकों, हेड स्वयंसेवकों व ग्रुप लीडर्स के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घाटों पर शिक्षक समन्वयक, हेड समन्वयकों व ग्रुप लीडर्स की संयुक्त ट्रेनिंग 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक होनी है। वही राम की पैड़ी पर मार्किंग का कार्य 17 से प्रारम्भ होकर 19 अक्टूबर तक चलेगा। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से स्वयंसेवकों की सूची प्राप्त हो रही है। शीघ्र ही इसे अंतिम रूप दिया जायेगा। इस बार के दीपोत्सव में स्वयंसेवकों में उत्साह देखते ही बन रहा है। छात्र दीपोत्सव में स्वयंसेवक के रूप में सहभागिता देने के तत्पर है। राम की पैड़ी पर चिन्हित स्थानों पर 16 लाख दीए बिछाएं जायेंगे। शासन द्वारा 14 लाख 50 हजार दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की मदद से 16 लाख दीए जलाने की योजना है। विश्वविद्यालय की समिति द्वारा घाटों का निरन्तर निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन से भी सम्पर्क रखा जा रहा है।

## विवि परिसर में अरुण प्रताप सिंह का जारी रहा अनशन

अयोध्या। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अरुण प्रताप सिंह जो कि सेवानिवृत्त कर्मचारी है उनको सेवानिवृत्त बकाया देय धनराशि हेतु आहूत आमरण अनशन के तीसरे दिन उनका पूरा परिवार और कर्मचारी परिषद एवं संघ उनके समर्थन में खड़ा रहा। कर्मचारी परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि अरुण सिंह जो 31 जनवरी 2021 को सेवानिवृत्त हुए और आज 19 माह बीत जाने के भी बाद भी उनके बकाया देय धनराशि पेंशन ग्रेजुएटी आदि का कोई भी भुगतान अभी तक विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है जिसके लिए कर्मचारी परिषद और संघ लगातार प्रयासरत रहा है अरुण प्रताप सिंह ने 20 दिन पूर्व पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया था कि 19 सितंबर 2022 तक अगर उनके समस्त देय भुगतान नहीं किया जाएगा कल से विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य का बहिष्कार करेगा। अरुण सिंह की पुत्री ने बताया कि 2 साल से पिताजी की पेंशन नही मिल रही है। पिताजी 2 साल से लगातार विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुई । परिवार की आर्थिक स्थिति सही नही है और अभी भी एक बहन शादी करने के लिए बाकी है । विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध है कि जल्द से जल्द पिताजी की पेंशन बहाल करें नहीं तो यह आमरण अनशन अनवरत जारी रहेगा।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

## परिवार नियोजन के लाभ के बारे में दी गई जानकारी

अयोध्य। जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। इस मौके पर दंपति को परिवार नियोजन के साधनों से युक्त बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में जानकारी के साथ ही उन्हें साधन उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में लगभग 1250 महिलाओ को सेवा प्रदान की गई। सामुदायिक स्तर पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं बच्चों के जन्म में तीन वर्ष का अंतर रखने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जा रहा है। इस खुशहाल परिवार दिवस के मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने बताया कि प्रत्येक माह की 21 तारीखध् को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा शासन से मिले निर्देशों के मुताबिक इस आयोजन का उद्देश्य हाई रिस्क प्रेगनेंसी, एक वर्ष के दौरान शादी करने वाले दंपति और तीन या उससे अधिक बच्चों वाले दंपति को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देना और उनकी इच्छा के मुताबिक जरूरी साधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य इकाइयों पर खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया परिवार नियोजन काउंसलर व कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) की मदद से बॉस्केट ऑफ च्वाइस के बारे में लाभार्थी की स्थिति के अनुसार सही परामर्श दिया जाता है । पुरुष और महिला नसबंदी, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, माला एन, कंडोम, छाया और ईसीपी की गोलियां बॉस्केट ऑफ च्वाइस का हिस्सा हैं ।

डीसीपीएम अमित कुमार बताया कि महिला नसबंदी प्रसव के सात दिन के भीतर, माहवारी शुरू होने के सात दिन के भीतर और गर्भपात होने के तुरंत बाद या सात दिन के अंदर करवाई जा सकती है । वह महिलाएं इस साधन को अपना सकती हैं जिनकी उम्र 22 वर्ष से अधिक और 49 वर्ष से कम हो । प्रसव के बाद पीपीआईयूसीडी 48 घंटे के अंदर या प्रसव के छह सप्ताह बाद लगवायी जा सकती है । गर्भपात होने के बाद तुरंत या 12 दिन के अंदर इसे अपना सकते हैं। जिला परिवार नियोजन लाजिस्टिक मैनेजर रामेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम में 2460 कंडोम वितरित किये गये , आईयूसीडी–86 , महिला नसबंदी– 8 , पीपीआईयूसीडी– 28 , छाया – 256 , माला–एन 224 , अंतरा इंजेक्शन– 124 ईसीपी 98 की सेवा दी गई। कार्यक्रम में लगभग 1250 महिलाओ को सेवा प्रदान की गई।

## इत्र कारोबारी के मामले में अब सात अक्टूबर को होगी सुनवाई

कानपुर। इत्र कारोबारी पीयूष जैन के जीएसटी और सोना बरामदगी के दोनों मामले में अब सात को होगी सुनवाई। फाइल नकल सवाल विभाग में होने के चलते आगे की सुनवाई नहीं हो सकी। इत्र कारोबारी पीयूष जैन के आनंदपुरी स्थित घर और कन्नौज स्थित फर्म से महानिदेशालय जीएसटी इंटेलीजेंस अहमदाबाद की टीम ने 196 करोड़ रुपये से अधिक की नकद धनराशि बरामद की थी। टीम को इसके साथ ही उसके यहां से 23 किलोग्राम विदेशी मुहर लगा सोना और छह सौ लीटर चंदन भी मिला था। इन दोनों मामलों में अलग अलग जांच हुई और चार्जशीट दाखिल की गई थी। इन दोनों ही मामलों में पीयूष को हाइकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। अधिवक्ता चिन्मय पाठक ने बताया कि सुनवाई थी लेकिन फाइल नकल सवाल विभाग में होने के चलते कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। अगली सुनवाई के लिए विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सात अक्टूबर की तारीख दी है। गौरतलब हो कि हाईकोर्ट के निर्देश अनुसार पीयूष को हर तारीख पर कोर्ट में उपस्थित होना जरूरी है इसलिए पीयूष अपने अधिवक्ताओं के साथ कोर्ट पहुंचा था।

## विद्यार्थी ही महाविद्यालय की सबसे बड़ी निधि व पहचान: प्रो. अभय कुमार सिंह

अयोध्या। विद्यार्थी ही किसी विद्यालय की सबसे बड़ी निधि एवं पहचान है। उक्त बातें का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने कही। अंग्रेजी विभाग द्वारा एमए० एवं बीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस इंडक्शन कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए उनसे महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ असीम त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को थ्री डी को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि जैसे थ्री डी तकनीक आज हर जगह दिखाई दे रही है उसी तरह थ्री डी अर्थात डिवोशन, डेडिकेशन और डिटरमिनेशन सफलता के लिए आवश्यक है। अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ जनमेजय तिवारी ने एम० ए० एवं डॉ विष्णु कुमार ने बी० ए० के विद्यार्थियों को नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत तैयार किए गए पाठ्यक्रम और सेमेस्टर सिस्टम से अवगत कराया । प्राध्यापिका डॉ नीता पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं विभागाध्यक्ष डॉ असीम त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्राध्यापिका डॉ ओम श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने सहभाग किया।

## आकाशीय विद्युत गिरने से 13 साल के बच्चे की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। गुरूवार को दिन में 12 बजे के आसपास



आकाशीय बिजली गिरने से बरगदवा सैफ निवासी मुख्तार सिद्दीकी उर्फ मुक्ते के 13 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हुई बज्रपात गाँव मे स्थिति आरामिल के पास हुआ जहाँ पर मृतक व उसका छोटा भाई मछली मार रहे थे कटिया लगाकर दूसरा भाई थोड़ी दूरी पर था जिसे मामूली झटका लगा। पूर्व राज्यमंत्री ,विधायक गैसड़ी डॉ एसपी यादव ने दूरभाष पर राजस्व के अधिकारियों को मौके पर जाकर अहेतुक सहायता देने की मांग जिला प्रशाशन से की है।

## मकसूदाबाद की सरकारी जमीन सरकारी खाते में दर्ज,जमीन को बेचने वाले राडार पर

कानपुर। मकसूदाबाद की सरकारी जमीन को सरकारी खाते में दर्ज कर लिया गया है। बीते सप्ताह एसडीएम ने इस जमीन को ऊसर और बंजर की श्रेणी में घोषित करते हुए ग्राम सभा में दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद यहां 16 खातों में दर्ज 105 बीघा आठ बिस्वा जमीन को मकसूदाबाद की ग्राम सभा में दर्ज कर खतौनी में चढ़वा दिया गया है।

मकसूदाबाद में वर्ष 1963 में तत्कालीन ग्राम प्रधान ओमकार नाथ मिश्रा ने गांव से बाहर रहने वाले लोगों के नाम पर गांव की 105 बीघा आठ बिस्वा जमीन का पट्टा कर दिया था। तत्कालीन एसडीओ (वर्तमान में एसडीएम पद) के फर्जी आदेश से राजस्व के दस्तावेजों में पट्टे दर्ज करा दिए गए। मकसूदाबाद में जमीन को खरीदकर बेचने वालों की सूची तैयार की जा रही है। दरअसल इससे पहले रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर से नाम निकालने और जोड़ने को लेकर लेखपाल का आडियो वायरल हुआ था जो जिला प्रशासन के पास है। ऐसे में अब पारदर्शिता के लिए उन सभी नामों की सूची तैयार की जा रही है जिन्होंने यहां बड़े पैमाने पर जमीन खरीदकर बेच दी। कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट की विवेचना में नामों की सूची खतौनी के साथ शामिल करायी जाएगी। प्रशासन के इस निर्णय के बाद अब कोई भी नहीं बच सकेगा। 14 लोगों के नाम दर्ज हुई है एफआईआर : बिठूर में भूमाफिया वीएसीएल इंडिया रियल एस्टेट लिमिटेड के निदेशक बृजेंद्र सिंह चौहान सहित के साथ 14 खरीदारों के नाम रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। बता दें कि बिठूर में दर्ज रिपोर्ट में वीएसीएल इंडिया रियल एस्टेट लिमिटेड सहित दूसरे लोगों ने डा. अजीत मोहन चौधरी, प्रदीप मोहन चौधरी, डा. दिलीप मोहन चौधरी से जमीन खरीदी थी लेकिन लेखपाल ने उनके नाम निकाल कर खरीदारों के ही दिए। ऐसे कई नाम हैं जिन्होंने यहां जमीन खरीद कर बेची लेकिन उनके नाम एफआइआर में नहीं हैं। ऐसे में बिठूर में दर्ज रिपोर्ट पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## भारत जोड़ों किसान संकल्प यात्रा को लेकर की बैठक

अयोध्या। भारत जोड़ो किसान संकल्प यात्रा के अंतर्गत 2घ्5 किलोमीटर यात्रा के आन्दोलन की समीक्षा करने आए प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष जगदीश ने कांग्रेस मुख्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने कहा कि किसान की वेदना प्रताड़ना प्रदेश सरकार की नीतियों से किसान प्रभावित हो रहा है उसका सुगम समाधान सिर्फ संवेदना आधारित जनसंवाद से ही दूर किया जा सकता है किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनिल तिवारी ने कहा भारत जोड़ो किसान संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी गण मजबूती के साथ लग जाएं महानगर के अध्यक्ष देश सिंह कमल ने भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने का आवाहन किया है किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा ने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रमों को सफल बनाने करो या मरो की स्थिति में तैयार होने को कहा अनसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम सागर रावत ने प्रदेश का किसान बहुत प्रताड़ित हो रहा है इस अवसर पर भूपेंद्र पांडे व्यापार प्रकोष्ठ के नेता रामेंद्र त्रिपाठी सच्चिदानंद तिवारी अशोक दुबे रामकिशोर वर्मा अनंतराम सिंह जयपाल कोरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## कोरोना से पीडब्लूडी के सहायक अभियंता की हुई थी मृत्य

अयोध्या। जनपद बरेली के प्रांतीय खंड के लोक निर्माण विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता वीरपाल सिंह आर्य निवासी बुलंदशहर जिनकी ड्यूटी के दौरान 7 मई 2021 में कोरोना से मृत्यु हो गई थी मृतक वीरपाल सिंह आर्य की धर्मपत्नी को प्रांतीय खंड अयोध्या के सभागार में उत्तर प्रदेश इंजीनियर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीके मंगलम एवं प्रदेश महासचिव आशीष यादव के साथ अतिरिक्त महासचिव शशांक पांडे समन्वय सचिव अंकुर मौर्य सहायक अभियंता राहुल राय एवं प्रचार सचिव अमित कुमार दिलीप कुमार ने मिलकर सहयोग धनराशि 100000 का चेक परिवार के सदस्य को सौंपा।

# जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण का बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा क्षय रोग के संबध में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तृतीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 01 से 31 अक्टूबर 2022 तथा दस्तक अभियान दिनांक 07 से 21 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किया जाये। दिमागी बुखार, एवं अन्य संक्रामक रोगो के संबध में व्यापक जन–जागरूकता हेतु दिनांक 07 से 21 अक्टूबर 2022 के मध्य दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगो को जानकारी देगें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि आशा कार्यकत्री जागरूकता संबधी स्टीकर अवश्य चस्पा करे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल बनाने में अपना सहयोग करेगे। संबधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में आंगनवाड़ी की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इस अभियान को प्रभावी रूप से भूमिका निभाने के लिए आशा, ऑगनबाड़ी एवं ए0एन0एम0, स्कूली शिक्षक एवं प्रधान की अहम भूमिका है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत बुखार के रोगियों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल






में त्वरित एवं सही उपचार कराये जाने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यक्ता है। गांवो में आशा, ऑगनबाड़ी द्वारा बुखार, टी0वी0 रोगियों तथा अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित भी किया जायेगा। घरो पर स्टीकर चस्पा कर लागों को जागरूक भी किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में दिमागी बुखार के संबध में व्यापक रूप से जन–जागरूकता हेतु दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता दस्तक अभियान में घर–घर जाकर बीमारियों से बचाव, उपचार तथा सन्दर्भन के संबध में विभिन्न जानकारी देंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि दस्तक एक व्यापक सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार रणनीति है जो लोगों को बचाव और सही समय पर उपचार के संदेश पहुँचाकर लोगों को दिमागी बुखार की समस्या से बचने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि दस्तक का शाब्दिक अर्थ है दरवाजा खटखटाना इस अभियान के जरिए दिमागी बुखार का संदेश हर एक घर और परिवार तक पहुँचाने का हमारा लक्ष्य है। इस अभियान को प्रभावी रूप से भूमिका निभाने के लिए आशा, ऑगनबाड़ी एवं ए0एन0एम0, स्कूली शिक्षक एवं प्रधान की अहम भूमिका है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत बुखार के रोगियों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में त्वरित एवं सही उपचार कराये जाने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यक्ता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की सभी आशा ब्लाक स्तरीय दिमागी बुखारध बैठक एवं प्रशिक्षण में भाग लेगी। प्रशिक्षण के बाद आशा से अपेक्षित है कि वे हर घर तक पहुँचे जिस घर में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हो उन परिवारों से संपर्क स्थापित करे तथा साथ ही साथ गृह भ्रमण का ट्रैक रखने के लिए तथा अपने गृह संपर्क दर्शाने के लिए वह घर में प्रमुख जगह पर स्टीकर लगाना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक, समीर सिंह, अधि0 अधि0 नगर पालिकाध नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस को चुनौतीः शहर में फिर भीषण चोरी,नागरिकों में सनसनी

## 15 से 20 लाख के जेवर व डेढ़ लाख नकद रुपये उड़ा कर चंपत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शहर के पूरब पड़ाव मुहल्ले में चोरों ने एक घर का ताला तोड़ कर 15 से 20 लाख के जेवर व डेढ़ लाख नकद रुपये उड़ा कर चंपत हो गये। इस भीषण घटना से नगर में सनसनी छा गई है। घटना के समय घर पर कोई सदस्य नहीं था। बुधवार रात में परिजनों के वापस लौटने पर लोगों को पता चला। जिला हेडक्वार्टर पर इतनी बड़ी वारदात की जानकारी मिलते ही नगर में सनसनी छा गई है। लोग विभिन्न प्रकार की कयास बाजियां लगा रहे हैं। कुछ लोग पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठा रहे हैं। बताया जाता है कि





गृह स्वामी विवेक कुमार सिंह उर्फ राजकुमार सिंह जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर देवरा गांव के मूल निवासी है। उनका परिवार स्थायी रूप से शहर के पूरब पड़ाव मुहल्ले में कई वर्ष से मकान बनवा कर रहता है। गृहस्वामी के अनुसार वह मंलवार की दोपहर बाद {श्राध} धार्मिक संस्कार को पूर्ण करने गांव चले गए थे। बुधवार की रात 10 बजे जब वह सब पूरब पड़ाव लौटे तो गेट के अंदर जाने पर पूरे माजरे का पता चला। परिजनों का कहना है कि मंगलवार को गांव जाने के बाद रात में यह घटना हुई। चोरों का दल मकान का मुख्य दरवाजा तोड़ने के बजाय बगल के छत पर चढ़ा और बरामदे में लगे दरवाजे तोड़ कर मकान के अंदर गया। उसके बाद घर की एक एक अलमारी बक्शा आदि को आराम से तोड़ा। जिसमें उनके हाथ सोने की 6 चेन, हार सेट 3, अंगूठी 14, कान का बाला झाला 5 जोड़ा, चांदी का सिक्का 15, चांदी का कड़ा 6 पीस, पायल 6 जोड़ी, पाजेब 1, चांदी की थाली 1 चोरी हुआ है। गृहस्वामी विवेक सिंह उर्फ राजकुमार के अनुसार जेवरों की कुल कीमत 15 से बीस लाख है। इसके अलावा उनके हाथ डेढ़ लाख 80 हजार एक आलमारी, 20 हजार एक आलमारी, 50 हजार एक आलमारी से नकद भी हाथ लगे। अन्य चोरी गए सामानों की कीमत का अंदाजा लगाया जा रहा है। घर मे इतनी भीषण चोरी की घटना होने की जानकारी को तत्काल ही सिद्धार्थनगर थाने को दी गई। पुलिस के सीओ और एसओ तहसीलदार सिंह ने मौके पर रात में पहुंच कर छानबीन की। बुधवार दोपहर को फोरेंसिक टीम के लोग भी पहुंचे थे। समाचार लिखे जाने तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया था। जिला हेडक्वार्टर पर इतनी बड़ी वारदात की जानकारी मिलते ही नगर में सनसनी छा गई है। लोग विभिन्न प्रकार की कयास बाजियां लगा रहे हैं। कुछ लोग पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठा रहे हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया कर्मचारियों के साथ आवश्यक बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। बृहस्पतिवार को नवरात्रि दुर्गा पूजा दशहरा को देखते



हुए नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक किया गया।बैठक में सभी सफाई नायक पथ प्रकाश एवं जलापूर्ति के जिम्मेदारान को सख्त निर्देश दिया कि साफ सफाई चाक–चौबंद रहे सभी जगह जहां मूर्ति स्थापना करना है वहां सुबह शाम सफाई चुनाव ब्लीचिंग मेलाथियान का छिड़काव तथा सभी मार्गों की लाइट व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाए और जल आपूर्ति समय समय से होना चाहिए इसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है बैठक में दृ वरिष्ठ लिपिक रविशंकर गुप्ता, गिरीश पांडे, गणेश मौर्य, अमरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, अब्दुल करीम, राजकुमार पांडे, रामचरण यादव, प्रमोद अग्रहरी राजेश वर्मा, राघवेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# सिसवा बुजुर्ग मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर। इटवा विकास खंड में काम्पोजिट विद्यालय सिसवा बुजुर्ग मे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।







शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए बडी संख्या में लोग पहुंचे। आस पास के लोग व विद्यालय के बच्चे भी सेहत की जांच करायी। आस पास के लोग ने भी शिविर मे स्वास्थ्य परीक्षण कराया।आवश्यकतानुसार लोगों को मुफ्त दवाये दी गई। कैम्प मे नागरिकों को बरसात के मौसम से सावधान रहने व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर जोर दिया गया। विद्यालय ने चिकित्सा टीम की ऐसी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन की सराहना की। इस मौके पर स्वास्थ्य चिकित्सा टीम डा0 आर के मीणा ने कहा कि बरसात के समय में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दे। क्योंकि जानकारी के अभाव में लोग बीमार हो जाते हैं। जागरूक होने से बीमारियां से बचाव कर सकते हैं। कैंप मे लगभग २०० लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डा आर के मीणा, डॉ प्रियंका, डा0 ज्योति, फारमेस्सिट अभिषेक, ए एन एम शालिनी पाण्डेय, टीम विद्यालय पर उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन युवा समाजसेवी प्राणेश शुक्ला का मुख्य योगदान रहा है। इस अवसर पर राम लखन, बुद्धि सागर, शिव कुमार, धीरज शुक्ला, विवेक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# जीर्णोद्धार हुये राजकीय जिला पुस्तकालय का लोकार्पण









दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने नीति आयोग से स्वीकृत धनराशि 49.46 लाख से जीर्णोद्धार हुये राजकीय जिला पुस्तकालय का लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा उद्घाटन के अवसर पर बताया कि राजकीय जिला पुस्तकालय होने पर प्रतियोगी छात्रों व अन्य विद्यार्थियों को काफी मदद मिलेगी। किसी भी प्रकार की पुस्तकों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जिला पुस्तकालय में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए पर्याप्त व्यवस्थायें उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि पुस्तकालय में पर्याप्त साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रतियोगी छात्रों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके साथ ही नीति आयोग द्वारा स्वीकृत 14 माडल आंगनबाड़ी केन्द्र के आंगनबाड़ी कार्यकत्री को जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा खेल किट उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी वीरेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम्बंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी।

# माध्यमिक विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रतियोगिता का उद्घाटन जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई के प्रधानाचार्य नबीउल्लाह खान और जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने किया। 3 विद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया है जिसमें प्रथम मैच जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नौगढ़ ने बैटिंग करते हुए 57 रन बनाए जवाब में





शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ ने 49 रन ही बना पाई जिससे जवाहरलाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में 8 रन से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पहले बैटिंग करते हुए जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नौगढ़ ने 91 रन बनाया जवाब नहीं जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई ने 52 रन बनाए 39 रन से जवाहरलाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नवगढ़ विजय प्राप्त किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य ने मेडल दे कर सम्मानित किया। निर्णायक के रूप में स्पर्श वर्मा, सुनील चौरसिया, दौलत बाबू गुप्ता, लव सिंह, राजकुमार यादव, मीनू, प्रियरजना सोनी, रत्नेश सिंह। उपस्थित रहे सैफुल्लाह, सच्चिदानंद शुक्ला, जिला क्रिकेट सचिव विवेक मणि त्रिपाठी और विपिन मणि त्रिपाठी, चंद्रभान, प्रमोद यादव।

# सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में चल रहा खेल, भुगतान के बाद भी अधूरा है निर्माण

पंकज चौबे/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में वित्तीय अनियमितता के शिकायत के बावजूद जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां पूरी रकम निकालने के बाद भी निर्माण अधूरे पड़े हैं। सिद्धार्थनगर जिले के बिकास खण्ड बढनी मे सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में जमकर खेल हो रहा है। निर्माण की पूरी रकम निकालने के बाद भी सामुदायिक शौचालय अधूरे पड़े हैं। कई ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितता की जानकारी के बाद भी अब तक जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई है। पूरी रकम निकालने के बाद भी नहीं पूरा हुआ निर्माणरू ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के नाम पर पूरी रकम निकालने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया जा रहा है। आधा अधूरा कार्य कराकर सरकारी धन का



गबन कर लिया जा रहा है। बढनी विकास खंड के ग्राम पंचायत अर्री में सामुदायिक शौचालय निर्माण के नाम पर पूरी रकम लगभग 6.92 लाख रुपये निकाल लिया गया है, मगर मौके पर सामुदायिक शौचालय निर्माण का कार्य अभी भी अधूरा है। इतना ही नहीं वहां निर्माण कार्य छह माह से बंद है। यहां भी अधूरा पड़ा है निर्माणरू इसी ब्लाक के ग्राम पंचायत गनेशपुर में भी सामुदायिक शौचालय में केवल दीवार खड़ी है। यहां भी निर्माण की पूर्ण धनराशि आहरित कर ली गई है। यही हाल ग्राम पंचायत गोल्हौरा मुस्तहकम में भी है। यहां भी सामुदायिक शौचालय अपूर्ण। इसमें भी पूरी धनराशि निकाल ली गई है। यह तो महज बानगी है, ऐसे कई ग्राम पंचायत हैं जहां सामुदायिक शौचालय निर्माण की पूरी धनराशि निकाल ली गई है, मगर सामुदायिक शौचालय अधूरे हैं। उनका निर्माण भी महीनों से बंद है। सचिवों की ओर से पूरी धनराशि निकाल लेने के बाद भी सामुदायिक शौचालय अपूर्ण हैं, यह जानते हुए भी अब तक वित्तीय अनियमितता के आरोप में उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# हर बच्चे को निपुण बनाना हैः नियाज अहमद



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बच्चों को नियमित स्कूल भेजकर तथा उनमें घर पर भी पढ़ते रहने की आदत का विकास कर अभिभावक हर बच्चे को निपुण बनाने में सहयोग दे सकते हैं। प्राथमिक विद्यालय झंडेनगर में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नियाज अहमद ने यह विचार अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रकट किए. कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक के कुल 75 बच्चों को विभिन्न विषयों की निरू शुल्क पुस्तकें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका साधना श्रीवास्तव एवं संतोष कुमार सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौधरी, मोतीलाल, रमेशमणि तिवारी, जानकी देवी, प्रेमा, कैलाशी, सूर्यमुखी आदि अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## सम्पादकीय

पिछले दिनों तेजस्वी यादव ने दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की थी और नीतीश कुमार भी जल्दी ही सोनिया गांधी से मिलने वाले हैं। उस समय वह बात हो सकती थी, जो रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के बीच कही है। अगर रमेश को लग रहा है कि भारत जोड़ो यात्रा विपक्ष को ताकत दिखाने के लिए है या विपक्ष को ...

# थरूर क्या पवार जितना वोट ले पाएंगे?

शशि थरूर कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने इस बारे में सोनिया गांधी से बात की है और उनकी इजाजत मांगी है। सोनिया गांधी ने बताया जा रहा है कि उनसे कहा है कि इस बारे में अंतिम फैसला उनको करना है। अगर वे अध्यक्ष का चुनाव लडना चाहते हैं तो कोई बात नहीं है, स्वागत है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया है कि अगर अध्यक्ष पद का चुनाव होता है तो वे तटस्थ रहेंगी। यानी किसी भी उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में वे या परिवार का कोई सदस्य अपील नहीं करेगा या प्रचार नहीं करेगा। हालांकि यह सिर्फ कहने की बात होती है।



बताया जा रहा देश के तमाम राज्यों की कमेटियों से राहुल गांधी को फिर से अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पास होने के बावजूद राहुल अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ेंगे। यह लगभग तय बताया जा रहा है कि वे परचा नहीं दाखिल करेंगे। इसका मतलब है कि नेहरू–गांधी परिवार को कोई उम्मीदवार उतारना होगा। वह उम्मीदवार अशोक गहलोत हो सकते हैं। सबसे ज्यादा संभावना उनके नाम की है। हालांकि उन्होंने भी प्रदेश कमेटी से राहुल के नाम का प्रस्ताव भिजवाया है लेकिन कहा जा रहा है कि राहुल की ना के बाद सोनिया गांधी की नजर उनके ऊपर है। वे कांग्रेस अध्यक्ष हो सकते हैं। लेकिन उससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री पद का मसला भी सुलझाना होगा।

बहरहाल, बड़ा सवाल यह है कि अशोक गहलोत बनाम शशि थरूर का मुकाबला हो या सोनिया गांधी के परिवार की ओर से उतारे गए किसी भी दूसरे उम्मीदवार से थरूर का मुकाबला हो तो क्या थरूर उतने वोट ले पाएंगे, जितने कांग्रेस अध्यक्ष के पिछले चुनाव में हारने वाले शरद पवार को मिले थे? ध्यान रहे कांग्रेस अध्यक्ष का एक दिलचस्प चुनाव 1997 में हुआ था, जब नरसिंह राव की जगह लेने के लिए सोनिया गांधी ने सीताराम केसरी का समर्थन किया था। केसरी तब कांग्रेस के कोषाध्यक्ष थे और परिवार के करीबी माने जाते थे। हालांकि बाद में उन्हीं सीताराम केसरी ने सोनिया गांधी को किनारे करने का प्रयास किया और बड़े बेइज्जत होकर अध्यक्ष पद से हटे थे।

सीताराम केसरी को कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं ने चुनौती थी। सोनिया गांधी के सक्रिय राजनीति में उतरने की संभावना को भांप कर शरद पवार ने परचा दाखिल किया था और राजेश पायलट भी मैदान में उतरे थे। उस चुनाव में कुल 7,460 वैध वोट पड़े थे, जिनमें से 6,227 वोट केसरी को मिले थे। शरद पवार सिर्फ 882 वोट हासिल कर पाए थे और पायलट को 354 वोट मिले थे। अगर सोनिया परिवार की ओर से उतारे गए उम्मीदवार के सामने थरूर आते हैं तो उनकी पहली चुनौती सम्मानजनक वोट हासिल करने की होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे शरद पवार जितना वोट ले पाते हैं या नहीं।

## भारत की समरकंद में गुट–सापेक्ष्यता

वेद प्रताप वैदिक

समरकंद में हुई शांघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में यदि चीन के नेता शी चिन फिंग और पाकिस्तान के नेता शाहबाज शरीफ से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत वार्ता हो जाती तो उसे बड़ी सफलता माना जाता लेकिन उजबेक, ईरान, रूस और तुर्कीए के नेताओं से हुई उनकी मुलाकातें काफी महत्वपूर्ण रहीं। अब भारत इस वर्ष इस संगठन की अध्यक्षता भी करेगा। अध्यक्ष के नाते अब उसे अन्य सदस्य राष्ट्रों के साथ–साथ चीन और पाकिस्तान से भी सीधी बात करनी होगी। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य आतंकवादी घटनाओं को रोकना है। इसके लगभग सभी देश आतंकवाद से त्रस्त हैं लेकिन सच्चाई तो यह है कि इस संगठन ने आतंकवाद के विरुद्ध प्रस्ताव तो बहुत पारित किए हैं लेकिन आज तक ठोस कदम कोई नहीं उठाया है। इसके बावजूद इस संगठन के शिखर सम्मेलनों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसके जरिए इसके सदस्य–राष्ट्रों के द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनते हैं। उदाहरण के लिए तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तय्यब एर्दोअन के साथ हुई मोदी की भेंट का विशेष महत्व है, क्योंकि उन्होंने कश्मीर के सवाल पर भारत के विरुद्ध संयुक्तराष्ट्र संघ और पाकिस्तानी संसद में बड़े कटु शब्दों का प्रयोग किया था। इस भेंट में दोनों देशों के बीच व्यापार आदि बढ़ाने पर बात हुई। इसी प्रकार रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन से हुई भेंट में भारत–रूस संबंधों की बढ़ती हुई घनिष्टता पर जमकर विचार हुआ। पूतिन ने मोदी को जन्मदिन की अग्रिम बधाई दी। मोदी ने रूस–यूक्रेन युद्ध को बंद करने की वकालत की। इसी तरह मोदी ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से भी पहली बार मिले। दोनों ने चाहबहार के बंदरगाह की प्रगति के बारे में बात की। दोनों के बीच अफगानिस्तान में शांति–स्थापना के बारे में भी बात हुई। दोनों नेताओं ने मध्य और दक्षिण एशिया के राष्ट्रों के बीच आवागमन और परिवहन को सरल और सुलभ बनाने पर भी बात की। मोदी ने अपने भाषण में इस सम्मेलन में आए नेताओं को भारत की आर्थिक उपलब्धियों से अवगत करवाया और संकट में फंसे पड़ौसी राष्ट्रों को भारत द्वारा दी गई मदद का भी जिक्र किया। लेकिन आश्चर्य है कि इस संगठन ने भयंकर विनाश में फंसे पाकिस्तान की मदद का कोई संकल्प नहीं दिखाया। वह भी तब जबकि शाहबाज शरीफ ने खुले–आम अपनी दुर्दशा का वर्णन किया। चीनी नेता शी चिन फिंग ने भारत को अध्यक्ष बनने की बधाई जरुर दी लेकिन भारत ने अपने आप को चीनी रेशम महापथ की संयुक्त सराहना से अलग रखा। यहां ध्यातव्य तथ्य यह है कि शांघाई सहयोग संगठन के प्रति अमेरिका का रूख मैत्रीपूर्ण नहीं है और रूस, चीन और ईरान जैसे राष्ट्रों से उसके संबंध काफी तनावपूर्ण हैं, इसके बावजूद भारत के प्रति अमेरिका ने कोई आपत्ति नहीं जताई है। अमेरिका–विरोधी राष्ट्रों के बीच भारत महत्वपूर्ण मध्यममार्गी राष्ट्र है। यह भारतीय विदेश नीति की सफलता ही मानी जाएगी। यह गुट–निरपेक्षता से आगे की चीज है। इसे मैं गुट–सापेक्ष्यता कहता हूं। इसे नान–एलाइनमेंट की जगह मल्टी–एलाइनमेंट कहा जा सकता है। इसे मैंने समदूरी की बजाय सम–सामीप्य की नीति भी कहा है।

# आशाएं-आशंकाएं दोनों ही लेकर चल रहे हैं राहुल अपनी यात्रा में

**अब वे ही कट्टर समर्थक राहुल की यात्रा को बुरा–भला कह रहे हैं जो भाजपा या सम्बन्धित संगठनों के सदस्य हैं। जातिवादी, साम्प्रदायिक, खाये–पीये अघाये वर्ग जो इस सामाजिक व आर्थिक गैर बराबरी से लाभान्वित हुए हैं, केवल वे ही इस यात्रा का अब भी विरोध कर रहे हैंय अन्यथा इस यात्रा को लोकतंत्र के समर्थन में खड़ा हर व्यक्ति समर्थन दे रहा है। यहां तक कि जो सिविल सोसायटियां कभी कांग्रेस के ...**

डॉ. दीपक पाचपोर

भारतीय राजनीति ही नहीं वरन उसकी आजादी के आंदोलन का भी पद यात्राओं से सम्बन्ध रहा है। अगर कहें कि भारत की स्वतंत्रता का जन्म ही ऐसी यात्राओं से हुआ है, तो गलत न होगा। 1906 में गांधी जी के रहते दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसवाल में रंग भेद पर आधारित एक कानून लाया गया था। भारतीय नागरिकों के लिये यह पंजीकरण का अधिनियम भेदभाव एवं अन्याय पर आधारित था। जैसे–जैसे राहुल गांधी की पद यात्रा आगे बढ़ रही है, वह अनेकानेक तरह की आशाओं और आशंकाओं को अपने में समाहित कर रही है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की श्भारत जोड़ोश के नाम से हो रही यह पैंया–पैंया वाली यात्रा अपने गंतव्य तक पहुंचते हुए देश, लोकतंत्र और भारत के राजनैतिक विमर्श को क्या–क्या प्रदान करेगी, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। फिर भी इतना जरूर है कि सफलता या असफलता दोनों परिस्थितियों में इसका उल्लेख हमेशा होगा। अगर यह कामयाब हुई तो एक विकल्प के रूप में देश को फिर से मजबूत कांग्रेस मिलेगी और असफल हुई तो भी सत्ता से लड़ने का भूला–बिसरा तरीका पुनरू देशवासियों के हाथ में लग जायेगा। जनता का वह आंदोलनकारी रूप एक बार फिर से उठ खड़ा होगा जो सत्ता के कान उमेठने और उसे सही राह पर चलते रहने की चेतावनी देगा। पहली व सबसे बड़ी आशा तो यही है कि इससे सड़कों पर विरोध एवं प्रदर्शनों का महत्व फिर से स्थापित होगा। पिछले 8–9 वर्षों से जहां एक ओर नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने खिलाफ उठने वाली सभी आवाजों को कुचला है और संवाद के तमाम लोकतांत्रिक प्लेटफॉर्मों को विचार–विमर्श के लिये बन्द कर दिया है, वहीं उनकी भारतीय जनता पार्टी एवं सम्बन्धित संगठनों ने लोगों के मन में यह बात बैठा दी है कि मोदी सरकार के खिलाफ कुछ कहना मानों देश के विरोध में होना है। एक सुनियोजित एवं संगठित तरीके से सरकार व पार्टी ने विरोधी विचारधारा, प्रतिपक्ष, स्वतंत्र आवाजों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के विरुद्ध दुष्प्रचार कर सामान्य जनता में इनके खिलाफ जहर ही भरा है। जिस तरह से लोकतंत्र विरोधी रवैया अपनाते हुए मोदी सरकार व भाजपा ने विभिन्न विश्वविद्यालयों, शाहीन बाग, किसान आंदोलन आदि का क्रूरतापूर्वक दमन किया है, वह निरंकुशता की श्रेणी में आता है और जनतांत्रिक कार्यप्रणाली व सोच का 180 डिग्री है। विरोध, प्रदर्शन, आंदोलन आदि लोकतंत्र के प्राण वायु हैं। अगर संसद समेत विधायनी संस्थाओं को जनोन्मुखी बनाये रखना है तो सड़कों पर जनता के कदमों की आहट और धमक हर वक्त सुनाई देनी चाहिये। राजशाही और एकदलीय शासन प्रणालियों में जनांदोलनों को जहां सर नहीं उठाने दिया जाता, वहीं लोकतांत्रिक पद्धति की पहली शर्त ही जनता की राय से चलना है। जब उसकी बात का संज्ञान नहीं लिया जायेगा, तो सड़कों का गुंजायमान होना जरूरी है। जिन विकसित एवं सम्पन्न देशों में तक, जहां सारी सुख–सुविधाएं पहले से मौजूद हैं, लोग अपनी मांगों को लेकर या किसी न किसी मुद्दे पर सड़कों पर प्रदर्शन करते रहते हैं ताकि सरकारें उनकी राय को सुनें और उनकी बेहतरी के लिये सतत काम करती रहें। भारतीय राजनीति ही नहीं वरन उसकी आजादी के आंदोलन का भी पद यात्राओं से सम्बन्ध रहा है। अगर कहें कि भारत की स्वतंत्रता का जन्म ही ऐसी यात्राओं से हुआ है, तो गलत न होगा। 1906 में गांधी जी के रहते दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसवाल में रंग भेद पर आधारित एक कानून लाया गया था। भारतीय नागरिकों के लिये यह पंजीकरण का अधिनियम भेदभाव एवं अन्याय पर आधारित था। इसके खिलाफ गांधी ने लगभग 2200 लोगों की पद यात्रा न्यू कैसल से ट्रांसवाल तक निकाली थी। इसे श्द ग्रेट मार्चश के नाम से जाना जाता है। इस विरोध के कारण अंततरू औपनिवेशिक सरकार को वह काला कानून वापस लेना पड़ा था और उसने श्भारतीय राहत अधिनियमश लागू किया। मोहनदास करमचंद गांधी से श्भाईश, फिर श्बापूश और अंततरू श्महात्माश बनने की प्रक्रिया में इस मार्च का प्रमुख हाथ है। यह ऐसी शुरुआत थी जिसकी परिणति 15 अगस्त, 1947 को स्वाधीन भारत के रूप में हुई थी। गांधी ने भारत में भी अपनी यात्राओं को जारी रखा था। उनकी यात्राओं में कभी विरोध, कभी अधिकार की मांगें तो कभी संवेदना के तत्व होते थे। श्द ग्रेट मार्चश भेदभावपूर्ण कानून के खिलाफ था तो वहीं दांडी यात्रा अधिकार को लेकर थीय और आजादी के समय देश में भड़के दंगों के बीच नोआखली की यात्रा का सम्बन्ध मानवीय संवेदना एवं करुणा से था। अनायास ही सही, इन तीनों तत्वों का सम्मिश्रण राहुल की यात्रा में देखने को मिल रहा है। उनकी पद यात्रा में निरंकुश शासन का विरोध है तो भूख, गरीबी, बेरोजगारी को दूर करने की मांग भी। लोगों का उनसे आकर मिलना, उनके गले लिपटना, उन्हें छोटी–छोटी वस्तुएं प्रदान करना... सारा कुछ भारत के नेहरू परिवार के साथ भावनात्मक लगाव व अपनत्व का परिचायक है– ये तीनों ही बातें (निरंकुशता का विरोध, मूलभूत सुविधाओं की मांग और भावनात्मक एका) देश को जोड़ती हैं। श्भारत जोड़ो यात्राश अपने नाम के अनुरूप चरितार्थ हो रही है। 3570 किलोमीटर चलने के लिये निर्धारित यह यात्रा अपने प्रारम्भिक चरणों में तो सफल होती दिख रही है। विरोधी अर्थात भाजपा, उसके समर्थक, उसका आईटी सेल एवं विरोधी तत्व राहुल गांधी की टी शर्ट, कथित लग्जरी कंटेनरों आदि के मामलों में नाकाम होने बाद पस्त हैं।

**उनको पता था कि हिंदुओं का बड़ा तबका सबके बावजूद मोदी का प्रशंसक है। उसे ध्यान में रख कर केजरीवाल ने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव तक राजनीति की और उसके बाद मोदी विरोध का तेवर अख्तियार किया। बहरहाल, चाहे ममता हों, मायावती हों या केजरीवाल हों, जब चुनाव जीतना नेताओं का एकमात्र मकसद बन जाता है तो वैचारिक प्रतिबद्धता की उम्मीद नहीं जा ...**

# ममता डर गई या कोई रणनीति है?

अजीत द्विवेदी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के तेवर नरम पड़ गए हैं। वे भाजपा के खिलाफ बयान अब भी दे रही हैं लेकिन उस तरह से लड़ नहीं रही हैं, जिसके लिए वे जानी जाती हैं। उनकी राजनीति में बदलाव यह आया है कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों, सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ते लड़ते अब वे प्रधानमंत्री को क्लीन चिट देने लगी हैं। वे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की भी तारीफ करने लगी हैं और इतना ही नहीं, जिस कारोबारी के खिलाफ देश का समूचा विपक्ष एकजुट होकर हमला कर रहा है उसे हजारों करोड़ रुपए का काम भी दे रही हैं। तभी सवाल है कि वे केंद्र सरकार की एजेंसियों से डर गई हैं या किसी खास मकसद से उन्होंने अपनी रणनीति बदली है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि ममता बनर्जी ने पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रति नरमी दिखाई। उन्होंने कहा कि आरएसएस में सारे लोग बुरे नहीं हैं, बल्कि बहुत से लोग अच्छे हैं, जो भाजपा की राजनीति को पसंद नहीं करते हैं। अब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति नरमी दिखाई है। उन्होंने विधानसभा में कहा कि उनको नहीं लग रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर हो रही है। उन्होंने मोदी को इस विवाद से दूर करते हुए कहा कि यह काम अमित शाह का हो सकता है क्योंकि सीबीआई अब प्रधानमंत्री को नहीं, बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री को रिपोर्ट करती है। ममता ने कहा कि भाजपा के कुछ नेता अपने स्वार्थ के लिए साजिश रच कर सीबीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह भी खबर है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने गौतम अडानी की कंपनी अंडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड को पूर्वी मिदनापुर के ताजपुर में डीप सी पोर्ट बनाने का 25 हजार करोड़ रुपए का ठेका दिया है। पिछले दिनों हल्दिया के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर एक डॉक के मेकेनाइजेशन का 298 करोड़ रुपए का एक ठेका भी उनकी कंपनी को मिला था। ममता की इस राजनीति से दो निष्कर्ष निकलते हैं। पहला और प्रत्यक्ष निष्कर्ष तो यह है कि ममता बनर्जी कुछ राहत हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को विवाद से अलग कर रही हैं। ममता का पूरा परिवार केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में है। उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से तो ईडी की पूछताछ हो रही है, अभिषेक की पत्नी और ससुराल के कई लोग केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। पार्टी के दर्जनों नेताओं के ऊपर सीबीआई और ईडी की जांच की तलवार लटक रही है। ध्यान रहे कांग्रेस और तमाम विपक्षी पार्टियों का हमला प्रधानमंत्री मोदी पर है और उसके बाद अमित शाह निशाने पर हैं। लेकिन ममता ने मोदी को छोड़ कर शाह को निशाना बनाया है और कुछ अज्ञात भाजपा नेताओं पर निशाना साधा है। ममता के इस बयान का एक दूसरा निष्कर्ष यह भी निकलता है कि वे रणनीति के तहत ऐसे बयान दे रही हैं। वह रणनीति व्यापक हिंदू समाज को यह मैसेज देना है कि वे नरेंद्र मोदी के खिलाफ नहीं हैं। ऐसा लग रहा है कि उनको जमीनी फीडबैक मिली है कि मोदी की लोकप्रियता कम नहीं हो रही है और मोदी पर हमला करने से बहुसंख्यक हिंदू समाज नाराज होता है। ऐसा लगता है कि इसी रणनीति के तहत उन्होंने आरएसएस के प्रति भी नरमी दिखाई थी। इसके आगे का काम विपक्षी पार्टियां खुद कर दे रही हैं। जब ममता बनर्जी ने आरएसएस के प्रति नरमी दिखाई तो कांग्रेस और लेफ्ट के नेताओं ने याद दिलाया कि ममता ने 2003 में आरएसएस के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और उसे देशभक्त संगठन बनाया था। उनके अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहने का मुद्दा भी विपक्ष ने उठाया। कांग्रेस और लेफ्ट के इस प्रचार से ममता का मकसद पूरा हो गया। संघ के स्वंयसेवकों से लेकर हिंदुओं के एक बड़े तबके में यह बात पहुंच गई कि ममता उनकी अपनी हैं और जरूरत पडने पर वे संघ व भाजपा के साथ जा सकती हैं। इसी रणनीति को आगे बढ़ाते हुए ममता ने मोदी के प्रति नरमी दिखाई है। उन्होंने मोदी समर्थकों को यह मैसेज दिया है कि ममता के लिए मोदी अछूत नहीं हैं। ममता के लिए ऐसा करना इसलिए जरूरी लग रहा है कि क्योंकि देश के मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अलग अलग तरीके से मतदान करना सीख गए हैं। वे दोनों चुनावों में अलग अलग पार्टियों को वोट करते हैं। बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में यह ट्रेंड देखने को मिला है। इसलिए ममता को अंदेशा है कि विधानसभा में भले उनको छप्पर फाड़ सीटें मिली हैं लेकिन लोकसभा में तस्वीर बदल सकती है। आखिरी 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीत ली थीं, जबकि उस समय प्रदेश के मतदाताओं का उतना ध्रुवीकरण भी नहीं हुआ था, जितना अब हो गया है। अगर हालात ऐसे ही रहते हैं तो हैरानी नहीं होगी कि भाजपा पश्चिम बंगाल में फिर बहुत अच्छा प्रदर्शन करे। तभी ममता बनर्जी हिंदू मतदाताओं को साधने वाले दांव चल रही हैं। उनको पता है कि कांग्रेस और लेफ्ट का अस्तित्व काफी हद तक खत्म हो चुका है इसलिए मुस्लिम मतदाताओं के सामने तृणमूल के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ममता चाहे संघ की तारीफ करें या मोदी की, मुस्लिम उन्हीं को वोट देंगे। इसलिए वे बहुसंख्यक हिंदू वोट की चिंता में हैं। आने वाले दिनों में वे बंगाली अस्मिता का दांव भी चलेंगी और पहले बांग्ला प्रधानमंत्री की उम्मीद भी जगाएंगी। इस तरह वे एक तीर से दो शिकार करने का प्रयास कर रही हैं। वे अपनी पार्टी के नेताओं और परिवार के सदस्यों को केंद्रीय एजेंसियों से बचाने की कोशिश कर रही हैं तो दूसरी ओर बहुसंख्यक हिंदुओं को मैसेज दे रही हैं कि वे हिंदू विरोधी नहीं हैं। यह काम अपनी तरह से उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने भी किया है। केंद्रीय एजेंसियों की चिंता में उन्होंने भी लडने–भिडने वाले तेवर छोड़ कर भाजपा के अनुकूल राजनीति की। उत्तर प्रदेश में वे भाजपा के बहुत काम आईं। उन्होंने समाजवादी पार्टी या कांग्रेस से तालमेल नहीं किया और प्रदेश की सभी सीटों पर इस तरह से उम्मीदवार उतारे, जिससे भाजपा विरोधी वोट बंट गए। इसका बड़ा फायदा भाजपा को हुआ।

हालांकि उनकी रणनीति ममता बनर्जी की तरह नहीं है क्योंकि मायावती ने अपना नुकसान करके भाजपा को फायदा पहुंचाया है, जबकि ममता अपने फायदे के लिए यह दांव चल रही हैं। कई बरस तक अरविंद केजरीवाल ने इस तरह की राजनीति की थी। वे नरेंद्र मोदी पर निशाना नहीं साधते थे। उनको पता था कि हिंदुओं का बड़ा तबका सबके बावजूद मोदी का प्रशंसक है। उसे ध्यान में रख कर केजरीवाल ने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव तक राजनीति की और उसके बाद मोदी विरोध का तेवर अख्तियार किया। बहरहाल, चाहे ममता हों, मायावती हों या केजरीवाल हों, जब चुनाव जीतना नेताओं का एकमात्र मकसद बन जाता है तो वैचारिक प्रतिबद्धता की उम्मीद नहीं जा सकती है। दुर्भाग्य यह है कि इतने समझौते के बावजूद भी चुनाव जीतने की गारंटी नहीं होती है।



# खंडहर में चल रहा पशु अस्पताल

हरदोई । सरकार एक तरफ सैकड़ों योजनाओं को संचालित कर आम जनमानस को मुख्यध ाारा में जोड़ने का कार्य कर रही है, परंतु विभागीय अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते जमीनी स्तर पर नहीं उतर पा रही हैं। जिसका खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है।

विकास खंड कछौना की ग्राम सभा गौसगंज में स्थित पशु चिकित्सालय काफी पुराना है। भवन पूरी तरह से खण्डहर हो गया है। दीवारें दरक चुकी हैं। बरसात के समय पानी छत से टपकता है। पशु चिकित्सालय के सभी भवन बाह्य रोगी कक्ष, ऑफिस, स्टोर, फार्मासिस्ट आवास, चतुर्थ श्रेणी कक्ष आदि पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। इस चिकित्सालय से ग्राम सभा बेहसार, हसना पुर, बघौड़ा, गौरी खालसा, गौरी फखरुद्दीन, कहली, निर्मल पुर, खजोहना, गौसगंज आदि ग्रामों के पशुपालकों के पशुओं की उचित इलाज हेतु पशु चिकित्सालय स्थित है। लेकिन खण्डहर होने के कारण पशु चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से नहीं आते हैं। केवल फार्मासिस्ट व चतुर्थ श्रेणी की उपस्थिति रहती है। जिससे पशुपालकों को लाभ नहीं मिल पाता है, जबकि शासन से प्रतिमाह लाखों रुपयों का बजट दवा के लिए पानी की तरह बहाया जा रहा है। पशुपालक प्राइवेट अप्रशिक्षित डॉक्टरों की शरण में जाने को विवश है। विभागीय अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते आम जनमानस का सरकारी सेवाओं के प्रति विश्वास कम हो रहा हैं। काफी गरीब व असहाय लोग ही सरकारी सेवा को लेने को वाध्य हैं, लेकिन समुचित इलाज के अभाव में उनके पशुओं की असमय मृत्यु हो जाती है। इस चिकित्सालय की बाउंड्रीवाल भी टूट चुकी है। फार्मासिस्ट व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जान को जोखिम में डालकर ड्यूटी करने को विवश है। शायद कोई हादसा होने पर प्रशासन कुम्भकर्णीय नींद से जागे, कई वर्षों से जर्जर भवन का प्रशासनिक अमला ध्यान देना आखिर क्यों मुनासिब नहीं समझा। यह चिकित्सालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जागरूक नागरिकों व विभागीय अधिकारियों ने इस भवन के जीर्णोद्धार के लिए शासन प्रशासन को दर्जनों पत्र लिखकर मांग की। पशुपालकों को चिकित्सालय के जर्जर भवन व चिकित्सा अधि ाकारी नियमित नहीं आने से काफी आक्रोश है।

# सीबीआई अफसर बताकर ठगी करने वाले जालसाज गिरफ्तार

फिरोजाबाद ।जनपद की थाना सिरसागंज पुलिस ने ऐसे दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है जो खुद को कभी सीबीआई तो सेलटैक्स अधिकारी बताकर लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते थे.कल भी इन्होंने दो किसानों से 21 हजार की ठगी की थी.इन किसानों की शिकायत के बाद पुलिस ने इन्हें धर दबोचा

सिरसागंज थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर निवासी ब्रजमोहन पुत्र कृपाल सिंह ने पुलिस से शिकायत की कि सिरसागंज के एक प्राइवेट स्कूल के पास दो व्यक्ति मिले जो खुद को सीबीआई के अफसर बता रहे थे उन्होंने मुझे बातों में उलझाकर मुझसे 21 हजार रुपये ठग लिए थे. पुलिस के एफआईआर दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी.एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना सिरसागंज पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ लोग जो खुद को कभी सीबीआई, पुलिस और सेलटैक्स अधिकारी बनकर ठगते है वह दूसरे जनपद की तफर जाने की फिराक में है और सोथरा पुल से गुजरेंगे.पुलिस ने जब उनकी घेराबंदी की तो उन्होंने उल्टी दिशा में भागने की कोशिश की और वह गिर पड़े.पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उनमें से एक व्यक्ति ने अपना नाम सुनील पुत्र हरी सिंह निवासी गिहार कॉलोनी सिरसागंज जबकि दूसरे ने अपना नाम राहुल पुत्र संजय निवासी विष्णु का पुरा थाना बाह जनपद आगरा बताया.इन दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वह ही सीबीआई और सेलटेक्स अफसर बनकर लोगों को ठगने का काम करते है.पुलिस को दोनों जालसाजों के कब्जे से 18 हजार 900 रुपया नगद,साथ ही पीली धातु गोल्ड जैसी ज्वेलरी भी बरामद हुयी है.पकड़े गए अभियुक्त पेशेवर क्रिमिनल है जिन पर पहले से ही कई मामले दर्ज है

# छोटा कुटुंब सुखी कुटुंब, बड़ा कुटुंब दुखी कुटुंब

## जनपद में मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

हरदोई ।जिला महिला चिकित्सालय सहित जनपद के 21 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 183 हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर को खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। जिला महिला अस्पताल में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधि ाकारी डा. राजेश कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने ने कहा कि खुशहाल परिवार नियोजन का मुख्य उद्देश्य नवदंपति को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों की जानकारी देना, बेहतर मातृ और शिशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है। सरकार ने बास्केट ऑफ चॉइस में कॉपर–टी, त्रैमासिक गर्भनिरोध ाक इंजेक्शन, गर्भनिरोधक गोली माला–एन, आकस्मिक गर्भनिरोध ाक गोली, साप्ताहिक गर्भनिरोध ाक गोली छाया और निरोध रखा है। लाभार्थी अपनी इच्छा के अनुरूप अस्थायी साधन अपना सकते है। उन्हें इस बात से भी अवगत कराना कि शादी के दो साल बाद पहला बच्चा और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखना बहुत जरूरी है। हमें छोटा परिवार सुखी परिवार की अवध ाारणा को घर घर तक पहुंचाना है ताकि अधिक से अधिक लोग परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के प्रति जागरूक हों, इससे माँ और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य बेहतर होगा माँ बच्चे का लालन पोषण भी अच्छे तरह से कर पाएगी साथ ही अपना और अपने परिवार का भी ध्यान रख पाएगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुषों को भी परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित करें। परिवार पूरा होने के बाद में महिला या पुरुष स्थायी साधन अर्थात नसबंदी अपना सकते हैं। नसबंदी करवाने पर महिला लाभार्थी को 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो खाते में सीधे भेजी जाती है।

# भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री नरेंद्र सिंह का जिले में हुआ भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। जिले में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्व





प्रदेश महामंत्री भाजपा नरेंद्र सिंह (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्वांचल विकास बोर्ड) का जगह जगह हुआ। शोहरतगढ़ नगर में निवर्तमान जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा की अगुआई में मंडल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा पंकज चतुर्वेदी, पद्माकर बाबा आदि ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसी तरह चिल्हिया मंडल के कपिया चौराहे पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा व मंडल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी ने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया जिसमे मंडल उपाध यक्ष राधे बाबा, अमरनाथ तिवारी, रामनारायण, नीलू ओझा, गणेश चौरसिया, अमित त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा संचालन समिति के उपाध्यक्ष पद से रवि अग्रवाल हुए पदमुक्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। आने वाले कुछ महीनों में नगर पंचायत का चुनाव होने वाला है, जिसमें पद की लालसा लोगों में विघटन का कारण न बन जाये, इसलिए कुछ लोग पद को लेकर कश्मकश में नजर आ रहे है। यही कारण है कि समाजसेवी रवि अग्रवाल ने दुर्गा पूजा संचालन समिति के उपाध्यक्ष पद से स्तीफा दे दिया है। उन्होंने भावुक होते हुए सोसल मीडिया पर लिखा कि, शोहरतगढ़ की समस्त हिन्दू जनमानस को मेरा राम राम, शोहरतगढ़ दुर्गा पूजा संचालन समिति के पदाधिकारो से मेरा विनम्र अनुरोध ा है की संचालन समिति में पद पाने की होड़ में कही न कही समाजिक विघटन की स्थिति पैदा हो रही है, जिस वजह से मैं उपाध्यक्ष पद से पदमुक्त होना चाहता हूँ। और मेरी ये निजी राय है कि चुनाव प्रत्याशियों को संचालन समिति की पद से दूर रखा जाए। जिससे एक दूसरे को नीचा दिखाने के चक्कर मे समाज मे अस्थिरता की उपस्थिति न पैदा हो और शोहरतगढ़ की शोहरत और सामाजिक समरसता बनी रहे। तन, मन व धन से समाज के लिए जो सहयोग होगा मेरे द्वारा किया जाएगा। बताते चले कि समाज सेवी रवि अग्रवाल नगर पंचायत शोहरतगढ़ से भावी अध्यक्ष प्रत्याशी है, इसलिए उन्होंने सभी संभावित प्रत्याशियों से भी अनुरोध किया है, कि संभावित प्रत्याशियों को भी संचालन समिति के पद से दूरी बना लेनी चाहिए, ताकि लोगों में आपसी सौहार्द बना रहे।



# कोर्ट के आदेश पर आठ वकीलों समेत 20 पर लिखी गयी एफआईआर

फिरोजाबाद। जनपद में वकीलों के संगठन बार एशोसिएशन की रार अब कोर्ट कचहरी और पुलिस तक पहुंच गई है.एसोशिएशन के महासचिव ने एशोसिएशन के कोषाध्यक्ष समेत आठ वकीलों को नामजद और 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है.एफआईआर में इन वकीलों पर मारपीट, गाली गलौज,जान से मारने की धमकी और लूट का आरोप लगाया गया है कोर्ट के आदेश पर दर्ज करायी गयी एफआईआर में बार एशोसिएशन के महासचिव भरत सिंह यादव ने कोषाध्यक्ष भूरी सिंह वर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरवीर यादव,नरेंद्र सिंह, प्रेमपाल सिंह,बलराम सिंह,संजय सिंह,माधव सिंह गोरखा, सुभाष चंद्र और 10–12 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाना मटसेना में धारा 395,504,506 में एफआईआर दर्ज करायी है.एफआईआर में आरोप लगाया गया कि बार के फंड का दो महीने का हिसाब मांगने पर भूरी सिंह वर्मा आग बबूला हो गया.सभी आरोपियों ने गाली गलौज की.मेरा और बार के अध्यक्ष नाहर सिंह यादव का गला दवाकर मारने की कोशिश की.साथ ही मेरे गले मे पड़ी दो तोले की चौन और अध्यक्ष की जेब मे रखे 8750 रुपये लूट लिए.शोरगुल सुनकर आये अन्य वकीलों ने हम लोगों को बचाया.इस तहरीर के आधार पर न्यायालय के आदेश के बाद आरोपियों खिलाफ केस दर्ज हुआ है

# गर्म मसाले में गधे की लीद की मिलाबट की आशंका

फिरोजाबाद ।जनपद में गर्म मसाला बनाने वाली एक फैक्ट्री में गधे की लीद जैसा पावडर मिलने पर उसे सीज कर दिया गया है.विभाग को आशंका है कि मसाले में गधे की लीद को मिलाया जा रहा होगा. मसालों के सेम्पल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है खाने पीने का सामान बनाने वाले लोग आम आदमी की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. खाद्य सुरक्षा एवं औषधि ा प्रशासन ने लालऊ क्षेत्र में चल रही मसाला फैक्ट्री में छापेमारी की तो कुछ ऐसा ही मामला सामने देखने को मिला इस फैक्टरी में भूसी की दो बोरियां रखी हुई मिलीं जो गधे की लीद जैसी लग रहीं थी इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि मसाले बनाने में भूसी,गधे की लीद का प्रयोग किया जा रहा था. हालांकि विभाग इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सैंपल जांच के लिए भेजा गया है.यहां साइट्रिक एसिड भी मिला था.सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आस्था एंटरप्राइजेज नामक मसाला फैक्ट्री में तलाशी के दौरान कई बोरियों में धनिए का डंढल भरा रखा मिला है। वहीं दो बोरियों में भूसी रखी हुई मिली है. फैक्ट्री कर्मचारी का कहना था कि गली में गधों के ढुलाई की जा रही है.गधों का मालिक भूसी की बोरी का वजन तुलवाने के लिए लेकर आया था.उसी दौरान टीम आ गई.डा. सिंह ने बताया कि धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और भूसी का सैंपल लेने के बाद फैक्ट्री सीज कर दी है.सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि फैक्ट्री से पिछले साल जनवरी में सलाद मसाले का सैंपल लिया गया था, जो जांच में असुरक्षित पाया गया.

# दो पालियों में होगी मदरसा की परीक्षायें

जौनपुर । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने अवगत कराया कि मदरसा मिनी आईटीआई वर्ष की परीक्षायें 28 सितम्बर को प्रथम पाली प्रातः 09 बजे मध्यान्ह 12 बजे व द्वितीय पाली अपरान्ह् 02 बजे से सायं 05 बजे व 29 सितम्बर की प्रथम पाली प्रातः 09. बजे मध्यान्ह 12 बजे व द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 01.00 बजे से सांय 05 बजे के मध्य दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षार्थियों को अवगत कराया है कि अपने सम्बन्धित मदरसें से सम्पर्क कर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

# दूसरे चक्र की काउन्सिलिंग 23 को

जौनपुर। तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु की महाविद्यालय प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित आर्थिक रूप से कमजोर, अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति वर्गों के ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चक्र की काउंसलिंग में किन्हीं कारणों से उपस्थित नहीं हो पाए हैं, उनके लिए दूसरे चक्र की काउंसलिंग दिनांक 23 सितम्बर को आयोजित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी वांछित अंकपत्रों व प्रमाण–पत्रों के साथ समुचित रूप से पूरित प्रवेश फॉर्म भरकर अंग्रेजी विभाग में उक्त तिथि को पूर्वाहन 10:30 बजे उपस्थित होकर काउंसलिंग की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

# विवाहिता ने खाया कीटनाशक

जौनपुर। पति की डांट से छुब्ध होकर विवाहिता ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर देखकर परिजन उपचार के लिए ष्षाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए। दोपहर क्षेत्र पट्टीचकेसर गांव निवासी पूजा (22) पत्नी त्रिभुवन पति की डांट फटकार से छुब्ध होकर घर में रखा विशाख्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर देख परिजन उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# इटवा पुलिस ने एटीरोमियो चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया

**■ महिला सशक्तिकरण/मिशन शक्ति/एंटीरोमियो चेकिंगध्साइबर जागरूकता अभियान के तहत अधिकारी व महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा एण्टीरोमियों की चेकिंग की गयी तथा महिलाओं व बच्चों को जागरूक किया गया**

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। इटवा पुलिस के द्वारा महिला सशक्तिकरण एटीरोमियो जागरूकता अभियान चलाया गया। अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ष्महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकताधमिशन शक्ति अभियान व साइबर जागरूकता अभियानष् के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व सुरेश



चंद्र रावत अपर पुलिस अध ाीक्षक सिद्धार्थनगर व हरीश चंद्र क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 22.09.2022 को बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा के निर्देशन में पुलिस टीम उ0नि0 राजेश कुमार पाण्डेय व का0 देवनाथ यादव व महिला बीट पुलिस अधिकारी महिला आरक्षी अंजली यादव एवम् म0आ0 कामिनी तिवारी द्वारा बदलिया मजार तथा चौखड़ा बाजार में एण्टीरोमियों की चेकिंग की गयी जिसके तहत



03 मनचलों से माफी नामा भरवाया गया तथा भविष्य के लिये हिदायत दिया गया इसी क्रम में शिक्षा एवम् सुरक्षा के संबंध में उपस्थित महिलाओं व बच्चों को जागरूक किया गया, बच्चों व बच्चियों के साथ होने वाले अपराध ाों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया म0आ0 अंजली यादव व कामिनी तिवारी द्वारा जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन, 1930 साइबर हेल्प लाइन के सम्बन्ध ा में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा साथ ही बताया गया कि किसी भी महिला को विपरीत परिस्थित में थाना पर महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से मदद किया जा रहा है।

# आगामी त्योहारों को लेकर ग्राम प्रहरीयों के साथ गोष्ठी संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनन्द अधीक्षक



सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अध ाीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय के नेतृत्व में थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 22. 09.2022 को आगामी त्यौहार नवरात्री, दुर्गापूजा, दशहरा के दृष्टीगत ग्राम प्रहरीध्चौकीदार द्वारा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने मे सहयोग के दृष्टीगत सूचना तंत्र को मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया गाँव मे घटित होने वाली घटनाओं एवं गाँव मे होने वाले विवादों के सम्बन्ध मे तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया एवं अच्छे कार्य हेतु मनोबल बढाया गया तथा उच्च अधिकारीयों द्वारा जारी आदेशों एवं निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

# ब्लॉक सभागार में पखवाड़ा के तहत बैठक हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक में कल दिन गुरुवार को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे अभियान के तहत बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध यक्ष जगदीश जायसवाल रहे वही मुख्य अतिथि में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम भरोस चौहान रहे बैठक में देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के बारे में विस्तार से लोगो के बीच में रखा गया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम भरोस चौहान ने बताया कि भाजपा की सरकार में बहुत ही अच्छा काम किया जा रहा है भाजपा सरकार में गरीबों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिला है। इस बैठक में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम भरोस चौहान, भाजपा जिला मंत्री बिंदु मती मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, मण्डल महामंत्री सत्यम पांडेय, मण्डल उपाध्यक्ष बृज नारायण सिंह, जय प्रकाश पांडेय, आदर्श कुमार पांडेय, राकेश आर्या, शिव शरण चौरसिया, राजकुमार पाठक आदि लोग रहे मौजूद।



# नाले की जांच रिपोर्ट आई नहीं, फिर गिरा सौ मीटर

## डेढ़ माह बाद शुरू हुआ शहर का निर्माणाधीन बड़ा नाला, कार्य की गति अभी कछुआ ही

देवरिया। कुर्ना के पास से 41.33 करोड़ की लागत से करीब 8.8 किलोमीटर का लंबे बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। इससे पूरे शहर का पानी होकर जाना है। एक सप्ताह पहले नाले का कुछ हिस्सा गिरा था। इसकी जांच रिपोर्ट अभी आई नहीं कि . रात सौ मीटर नाला फिर गया। कार्यदायी संस्था ने खामियों को छिपाने के लिए रात में जेसीबी मशीन से मिट्टी की भराई भी कर दी है ताकि सुबह होते पोल न खुल जाए। शहर को जलभराव से निजात दिलाने के लिए 8800 मीटर आरसीसी बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। यह करीब डेढ़ माह की देरी से शुरू हुआ है। अब भी मजदूरों की संख्या कम होने से नाला निर्माण की रफ्तार काफी सुस्त है। नाला निर्माण होने से शहर के मुख्य मार्ग, सरकारी कार्यालय और मोहल्लों को जलभराव से मुक्ति मिलने की बात नगर पालिका परिषद कह रहा है। नाला खोराराम रोड से कुर्ना नाला, कतरारी चौराहा, रामनाथ देवरिया से दो भागों में बंट जाएगा। एक सीसी रोड, वन विभाग, दीवानी कचहरी के पास से सिविल लाइंस तो दूसरा पुलिस लाइंस की ओर जाएगा।

नाले का निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को 15 जून तक कतरारी चौराहे के पास काम पूरा करना था। इसकी दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर कुर्ना से है। पर अभी तक नाला सात सौ मीटर भी पूरा नहीं हो पाया है। इसी बीच बारिश का मौसम आने से नाला निर्माण की गुणवत्ता की पोल भी खुलती नजर आ रही है।

अभी एक सप्ताह पहले बारिश हुई थी तो करीब तीस मीटर आरसीसी नाला गिर गया था। इसकी जांच का आदेश सीडीओ रवींद्र कुमार ने दिया और दो दिन के भीतर जवाब तलब किया था। इतना ही नहीं प्रयोगशाला लखनऊ में सामग्री परीक्षण के लिए भी भेजी गई है। अभी जांच रिपोर्ट आई नहीं, लेकिन एक बार फिर से . .रात बारिश का पानी भरने से नाला करीब सौ मीटर तक भरभरा गिरकर गया है।

आसपास के लोगों ने बताया कि नाला गिरने के बाद भोर में जेसीबी मशीन लगा कर मिट्टी से पाट दिया गया, ताकि इससे छिपाया जा सके। अगर नाला ऐसे ही गिरता रहा तो निर्माण पूरा होने के बाद शहर से बड़ी मात्रा में निकलने वाला पानी कैसे झेल पाएगा। नाला टूटेगा तो आसपास के मोहल्ले में पानी घुस जाएगा। इसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

नाला एक नजर मेंः 8.8 किलोमीटर निर्माण होना है। 700 सौ मीटर पर अभी काम चल रहा है। 15 जून तक कतरारी चौराहे पर काम पूरा होना था। 41.33 करोड़ रुपये की लागत है। मिट्टी बेचकर भी भर रहे जेबः देवरिया। आसपास के लोगों ने बताया कि खुदाई के बाद निकलने वाली मिट्टी को रात के अंधेरे में बेच दिया जा रहा है। लोगों को डर है कि नाला बनने के बाद फिर से भराई के लिए मिट्टी कहां से आएगी। मिट्टी बेचने के बाद दूसरी मिट्टी खरीदने से बजट भी बढ़ेगा।

## कोचिंग के लिए गई छात्रा लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

भाटपाररानी। नगर सेसुबह घर से कोचिंग के लिए निकली कक्षा छह की छात्रा के घर नहीं लौटने पर उसकी मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस छात्रा की तलाश में जुटी है। परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। भाटपाररानी नगर की 13 वर्षीय छात्रा सुबह नौ बजे नगर के एक कोचिंग में पढ़ने के लिए घर से निकली, लेकिन नहीं लौटी। देर होने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन शाम तक उसका कहीं पता नहीं चला। छात्रा के नहीं मिलने पर परिजन थाने पहुंचे और अज्ञात लोगों के विरुद्ध छात्रा के अपहरण तथा किसी अनहोनी घटना की आशंका जताते हुए तहरीर दी। इस पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रा की मां की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

## व्यावसायिक फसलों की खेती पर जोर दें किसान

महराजगंज। जिले के किसान व्यवसायिक फसलों की खेती पर जोर देना सुनिश्चित करें। ऐसा कर वे जहां अपनी आय बढ़ा सकेंगे। वहीं, स्वयं के साथ परिवार की मुश्किलों को भी कम कर सकेंगे। अधिक से अधिक किसान इससे जुड़ कर अपनी आय को सुधारें। यह बात मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने .किसान दिवस पर विकास भवन सभागार में आयोजित गोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग से जुड़े किसानों को विभागीय लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने के लिए भी जागरूक करें। कृषि, उद्यान, मत्स्य, गन्ना, पशुपालन समेत अन्य क्षेत्रों में विशेष संभावनाओं को देखते हुए उन्होंने कहा कि प्रगतिशील खेती से किसान अपनी दशा व दिशा दोनों बदल सकते हैं। किसानों की ओर से बताई गई समस्याओं के निदान के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उप कृषि निदेशक रामशिष्ट, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश सिंह यादव, उद्यान निरीक्षक विकास श्रीनेत, किसान जनार्दन पटेल, सुनील जोशी, वीरेंद्र चौरसिया, रामनयन सिंह, राकेश पटेल समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

## जिला मुख्यालय को रेल मार्ग से जोडने की मांग

महराजगंज। जिला मुख्यालय को रेल मार्ग से जोड़ने सहित अन्य 14 सूत्री मांग को लेकर . भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) जिला इकाई के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पंचायत लगाई। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। जिलाध्यक्ष सुरेश चंद साहनी ने कहा कि जिला बनने के बाद लंबे समय बाद भी मुख्यालय को आजतक रेल मार्ग से नहीं जोड़ा जा सका है। जिले के सभी ब्लॉकों में सरकारी तौर पर अन्न भंडारण गोदाम बनवाए जाएं। जिन किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का धन नहीं पहुंच रहा है, गांव स्तर पर कैंप लगाकर समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। जिससे शासन की ओर से मिलने वाला लाभ किसानों को मिल सके। जिले में छुट्टा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, उन्हें संरक्षित कराया जाए। चानकीघाट होते हुए जिला मुख्यालय को जोडने वाली सड़क का निर्माण कराया जाए। जिससे क्षेत्र के लोगों को मुख्यालय आने में सहूलियत मिल सके। लक्ष्मीपुर और अड्डाबाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सायं छह बजे से रात दस बजे तक बिजली कटौती व लो वोल्टेज से लोगों को परेशानी हो रही है। इसकी व्यवस्था ठीक कराई जाए। इस मौके पर संगठन के प्रेम शंकर पांडेय, जगराम चौधरी, रामअशीष, राजेंद्र सिंह, सरफराज आलम, कमलेश, रविंद्र कुमार, कन्हैया, सुराती, जगदीश आदि मौजूद रहे।

## स्टेशन पर बंद विश्रामालय को खोलने के दिए निर्देश

घुघली/सिसवा बाजार (महराजगंज)। गोरखपुर–नरकटियागंज रेल पर डबल लाइन बिछाने को लेकर मंडलीय रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने .दौरा किया। उन्होंने घुघली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्लेटफार्म की गंदगी, टूटे फर्श को ठीक कराने एवं बंद विश्रामालय को खोलने का निर्देश दिए। मंडलीय रेल प्रबंधक ने कहा कि स्टेशन पर पेय जल, यात्री सुविधा, शौचालय आदि का बेहतर इंजताम होना चाहिए। जन प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर यात्री समस्याओं सहित अन्य समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराया। कोरोना काल से पहले जितनी ट्रेन चलती थी, उसे पुनरू बहाल किया जाए, लाइट, बांद्रा और बापू धाम के ठहराव तथा रेलवे स्टेशन के बगल की सड़क ठीक कराने आदि की मांग की गई। इस दौरान दौरान प्रबंधक डॉ. राजेश सिंह, सीताराम पांडेय, संतोष जयसवाल, राकेश जयसवाल, चंदन सिंह, राधेश्याम, संतोष अग्रवाल, अवधेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने सिसवा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने प्लेटफार्म की सफाई, टिकट घर, शौचालय, कैंटीन व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एडीआरएम राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक एके सिंह, वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जिला सहसंयोजक ने किया शिव मंदिर की सफाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय



जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसी क्रम में जानीपुर मण्डल में भारतीय जनता पार्टी के जिला सहसंयोज इंद्रसेन राय की अगुवाई में जानीपुर स्थित शिव मंदिर का साफ सफाई कीया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शिव मंदिर के अंदर की सफाई के साथ साथ बाहर उगी घास फुस की साफ सफाई करते हुए वहां पर झाड़ू लगा कर साफ कीया गया। इस सफाई अभियान में मण्डल अध्यक्ष राजेश सिंह राजन भाष्कर राय, संतोष चन्द, सत्यप्रकाश राय, राम प्रकाश पाण्डेय आदि सम्मिलित रहे।

# बाहर के मेडिकल स्टोर पर भीड़, जन औषधि केंद्र खाली

महराजगंज। मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल परिसर में खोले गए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र तक प्रतिदिन 30 से 40 ग्राहक ही पहुंच रहे हैं। वहीं, बाहर की दवा की दुकानों पर दवा खरीदने वालों की भीड़ लगी रहती है। इसकी वजह यह है कि चिकित्सक जन औषधि केंद्र की जेनेरिक दवाएं नहीं लिख रहे हैं। मरीजों को निजी दवा कंपनियों की महंगी दवाएं लिखी जा रही हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 800 मरीज इलाज कराने आते हैं। इनमें से अधिकतर मरीजों को अस्पताल से सभी दवाएं नहीं मिल पाती हैं। जो दवाएं अस्पताल से नहीं मिल पाती हैं, उन्हें सस्ती दर पर उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र खोला गया है। स्थिति यह है कि इन दिनों जन औषधि केंद्र में दवा खरीदने के लिए कम मरीज पहुंच रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जेनेरिक दवाओं को परामर्श पर्ची पर लिखने के बजाय डॉक्टर बाहर के निजी मेडिकल स्टोर पर मिलने वाली दवा को लिख रहे हैं। इसके चलते डॉक्टर से लेकर मेडिकल स्टोर संचालकों की जेब भर रही है। मरीज एवं उनके परिजनों की जेब ढीली हो रही है।

चार से पांच सौ की लिख दी जाती है दवा

सूत्रों के अनुसार, एक रुपये की पर्ची कटवाकर मरीज जब चिकित्सक के पास इलाज कराने जाता है, तो उसे सादे कागज पर बाहर की महंगी दवाएं लिख दी जाती हैं। इन दवाओं को खरीदने में मरीज की जेब ढीली हो जाती है। सामान्य उल्टी–दस्त आदि के मामले में भी चार–पांच सौ की दवा लिखी जाती है। जिन मरीजों का ऑपरेशन होता है, उन्हें करीब दो से तीन हजार रुपये की दवा बाहर से खरीदनी पड़ती है।

## भारतीय क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर, नेपाली ट्रको से हो रहा है डीजल पेट्रोल की तस्करी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। भारत का पड़ोसी देश नेपाल में इन दिनों महंगाई



की मार इतनी बढ़ गई है कि, नेपाली बाइक, स्कूटी, कार, ट्रक वाले भारतीय क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर पहुच टैंक फुल करवा ही रहे थे, अब पेट्रोलियम पदार्थों की तस्करी पर तस्करों का गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है, नेपाल अर्थ जानकारों का मानना है कि, बिगत दिनों से नेपाल में आर्थिक स्थिति डवाडोल हो गया है। वही आर्थिक स्थिति की नजाकत को देखते हुऐ नेपाल सरकार ने कई कड़े कदम उठाते हुवे अबतक कई बस्तुओं को नेपाल में नेपाली सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है। वही भारतीय क्षेत्र के सोनौली स्थित एक पेट्रोल पम्प पर नेपाली ट्रकों का लंबा कतार देखने को मिला। नेपाल में पेट्रोल 220 नेपाली रुपये से अधिक है, यही वजह है, नेपाली वाहन स्वामी अब तक भारतीय क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर पहुच टंकी फुल करा रहे थे, मगर अब तस्करों की नजर इस पर पड़ गई है, अब तस्कर पेट्रोल की कालाबाजारी करने पर आमादा हो गए है। यह तेल तस्कर सोनौली बॉर्डर से बेलहिया नेपाल, फरेनवा बॉर्डर से पकलियाहवा नेपाल, शेख फरेनवा से नेपाल जा रहे है। वही सबसे सरल व सड़क मार्ग भारत नेपाल के सोनौली बॉर्डर पर तस्करों को देखा जा रहा है। इन तस्करों में नेपाली बाइक, स्कूटी व कार चालक अहम भूमिका में दिखाई पड़ रहे है, यही नही सूत्रों के हवाले से सूचना मिल रही है कि, नेपाली ट्रक चालक भी डीजल की तस्करी में संलिप्त देखे जा रहे है।

# मीरजापुर के आधा दर्जन घरो में हाईबोल्टेज करेंट उतरा

मीरजापुर। संतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत की देर रात दो गांव के आधा दर्जन घरो में हाईबोल्टेज करेंट दौड़ गया। जिससे एक युवक की मौत हो गई और चार गम्भीर रूप से झुलस गए। करौदा के गिधनहा टोला निवासी 26 वर्षीय दिनेश खाना खाकर कच्चे खपरैल में सोए थे की रात में तेज गरज चमक के साथ बरसात हो रही थी। उसी समय यकायक घर के अंदर के तार सुलगने लगे दिनेश भी दौड़ कर चार्ज में लगा फोन निकालना चाहे उसी समय वह हाईबोल्टेज के करेंट की चपेट में आ गए। उसके चिल्लाने पर पत्नी सुमन भी जग गई पति की हालत देख रोने लगी घर के लोग डायल 108 से पीएचसी पटेहरा ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक को एक पुत्री 3 वर्षीय कौशल कुमारी पत्नी सुमन का रो रो बुरा हाल था। मृतक दो भाई थे वह सबसे बड़ा था छोटा भाई राहुल है पिता रामनरेश पर सारा भार आ गया। इसी गांव के 21 वर्षीय सीता व30 वर्षीय नीरज के घर मे तार धुंआ देने लगा आग लग गई उसे छोडाने में सीता व नीरज भी करेंट की जद में आ गए। सयोंग ठीक था कि झटके से कुछ दूर जा गिरे स्वजन तत्काल निजी साधन से दोनों को दीपनगर निजी अस्पताल ले गए। जहां नीरज का उपचार कर छोड़ दिया गया और सीता का खबर लिखे जाने तक इलाज जारी है। उसी समय गांव के ही बृजेश कुमार राय के घर मे लगा सभी इलेक्ट्रिक सामान फ्रिज, टीवी, फैन, कूलर, मोबाइल के साथ सारे बल्ब ब्लास्ट कर गए संयोग ठीक था कि उस समय लोग गहरी निद्रा में थे यदि जगे होते तो हादसा हुआ होता बगल के गांव रामपुर रिक्शा में भी उसी समय 28 वर्षीय मुन्ना के घर मे भी हाईबोल्टेज का करेंट उतर आया तार धुंआ देने लगा पति मुन्ना 26 वर्षीय पत्नी संगीत एक ही कमरे में थे दोनों लोग तार छुड़ाने लगे हाईबोल्टेज की जद में आने से गम्भीर रूप से झुलस गए। स्वजन डायल 108 से पीएचसी पटेहरा लाए जहा खबर लिखे जाने तक इलाज जारी है। सूचना पर मय फोर्स थानाध्यक्ष संतनगर घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जांच कर पीएम हेतु वैधानिक कार्यवाही करते हुए शव को पीएम हाउस भेजवाये। प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह की फोनिक सूचना पर तहसीलदार मड़िहान फूलचंद यादव मय राजस्व टीम के घटना स्थल पर पहुंच कर झुलसने से मृतक दिनेश के पिता रामनरेश घटना की जानकारी लेते हुए विधिवत कार्यवाही पूर्ण कर ढाढस बधाया और क्षतिपूर्ति दिलाने हेतु आश्वासन दिया है। दसरी ओर अवर अभियंता ने कहा कि रात में तेज चमक गरज के साथ बरसात हो रही थी सम्भवतः ट्रांसफार्मर पर ही आकाशीय बिजली लगी हो उसी से सप्लाई बढ़ गई हो, यद्यपि पावर हाउस के वेश में भी उसी समय दिक्कत आ गई थी वहां भी धुंआ उठ गया था मृतक का पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही राहत दिलाई जाएगी।

## प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर स्वच्छता का संदेश –बाबू नंदन शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा



पकवाड़ा मनाए जाने के क्रम में नौतनवा पूर्वी मंडल के ग्राम खैरहवां दूबे में अमृत सरोवर का कार्यक्रम किया गया जिस के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा गुप्ता नौतनवा पूर्वी उत्तर मंडल के अध्यक्ष बाबू नंदन शर्मा मंडल महामंत्री राजू चौधरी ऋषिकेश यादव मंडल उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता नीरज दुबे अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुनव्वर अली बूथ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा बबलू युवा मोर्चा के शैलेश प्रजापति संजय तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बढ़ते मानवाधिकार हनन व निरंकुश भ्रष्टाचार जन जागरूकता का अभावः रमाकांत पांडे

गोरखपुर। तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन द्वारा देश, प्रदेश में बढ़ते मानवाधिकार हनन व निरंकुश भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संगठन के संस्थापक महासचिव शैलेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि इसका मूल जड़ मानव अधिकारों के जन जागरूकता का अभाव है।



जिसके जिम्मेदार शासकीय प्रशासकीय तंत्र हैं, अब हमें आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य मानव अधिकारों की जन जागरूकता को व्यवहारिक धरातल पर स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए संगठन का विस्तार,विकास करना आवश्यकता बन चुकी है।

जिसके क्रम में संगठन के प्रदेश कैम्प कार्यालय दया सदन, तारामंडल गोरखपुर पर रात्रि 8रू00 बजे राष्ट्रीय कार्यसमिति की एक विशेष बैठक आहूत की गई जिसमें विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरणविद डॉक्टर गोविंद पांडे, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ जेपी नायक व चिकित्सा क्षेत्र से डॉक्टर पी एन भट्ट एवम संगठन के अन्य पदाधिकारियों के मौजूदगी में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सत्यव्रत जायसवाल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य,गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता रमाकांत पांडे उर्फ राजू को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश ठेकेदार कल्याण समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह को प्रदेश संयोजक, राहुल श्रीवास्तव को प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई।

घोषणा उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संरक्षक डॉ पीएन भट्ट के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से पर्यावरण विद डॉक्टर गोविंद पांडे और शिक्षक नेता डॉक्टर जेपी नायक को संगठन का संरक्षक मनोनीत करने के साथ ही गोरखपुर महानगर में संगठन को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से शमशेर जमा खान को महानगर मंत्री व सतीश कुशवाहा, मनोज कुमार, अमरीश कुमार कुशवाहा, को महानगर सदस्य मनोनीत करने की आधिकारिक घोषणा संगठन के संस्थापक महासचिव ने किया। घोषणा उपरांत उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई देते हुए मानवाधिकारों के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय परिकल्पनाओ के अनुरूप मानव अधिकार को धरातल पर आम जनमानस में सुलभ कराने की दिशा में अमिट योगदान स्थापित करने की शुभकामनाएं व्यक्त की।

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जल ही जीवन है विषय पर हुआ चर्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। आप सभी सम्मानित नागरिकों को अवगत कराना चाहते हैं कि



मानव जीवन में पांच तत्वों का विशेष महत्व होता है यह पांच तत्व है पृथ्वी जल पावक गगन समीरा सभी का अलग–अलग धर्म होता है जल का धर्म है स्वाद सभी ज्ञानेंद्रियों में जिह्वा ही स्वाद बताने वाली ज्ञानेंद्रीय है अर्थात जल तत्व से हम मानव प्रजाति को जी हवा प्राप्त है जल का एक एक बूंद हमारे लिए परम आवश्यक है उसको सुरक्षित और संरक्षित करना हमारा धर्म है हमारा भौतिक अथवा आध्यात्मिक जीवन सभी जल से प्रभावित है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी जो वैचारिक रूप से भारतीय संस्कृति पर आधारित है मानव जीवन अथवा धरती पर रहने वाले सभी जीव के लिए जल आवश्यक है के लिए उनकी चिंता करती है और जगह जगह है अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण का कार्य कर रही है अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जल के महत्व पर प्रकाश डलवाने का कार्य कर रही है जल के संदर्भ में जन जागरूकता फैला रही है यही है भारतीय जनता पार्टी की विशेषता को अपने लोगों के साथ चर्चा करते हुए इसी क्रम मेंभारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेकिंग के दौरान वाहन चोर गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार 9 मोटरसाइकिल हुई बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में वाहन चोरी पर अंकुश लगाने तथा उसमें संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 21ध्9ध्22 को समय 7.30 बजे क्राइम ब्रांच थाना राबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा धर्मशाला चौराहे पर चेकिंग के दौरान 2 नफर अभियुक्त राम ललित पासवान पुत्र रामबली पासवान निवासी कुसरट (इनम) थाना शाहगंज और राजा राम पुत्र राम सिंह निवासी (इनम) थाना शाहगंज उम्र लगभग 29 वर्ष को चोरी की एक



मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया जो बाल चिकित्सालय के पास से चुराई गई थी पूछताछ पर दोनों ने बताया कि हम दोनों ने राबर्ट्सगंज व आसपास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चुराते हैं चुराने के बाद नंबर प्लेट चेचिस नंबर मिटाकर के कम दामों में बेच देते हैं आठ मोटरसाइकिल धर्मशाला व घोरावल रोड पर बरकरा पुलिया के पास एक सुनसान मकान में रखी बरामद की गई जिसके नंबर प्लेट इंजन नंबर कुछ के खुरचे हुए थे तथा कुछ में नम्बर प्लेट नही थे। इस संबंध में थाना राबर्ट्सगंज पर मुकदमा अपराध संख्या 724ध2022 धारा 379, 411, 413, 420, 468, 471 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडे, प्रभारी सर्विलांस अमित सिंह, एसओजी प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ऐश खाँ, उपनिरीक्षक शाहिद यादव, हेड कांस्टेबल छेदी सिंह, कांस्टेबल अजीत यादव, प्रेम प्रकाश, राघवेंद्र सिंह, जगदीश मौर्य, अतुल सिंह, शशि प्रताप, प्रकाश चौरसिया, सतीश कुमार, अमित सिंह, प्रकाश सिंह आदि रहे।

# धार्मिक स्थलों व शैक्षिक संस्थानों से शराब मांस की दुकानें हटाने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के प्रभारी अंकित शुक्ला की अगुवाई में आगामी 26 सितंबर 2022 से शुरू होने वाले नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए पदाधिकारियों द्वारा नगर के मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें मंदिर के आसपास कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया वह मंदिर और धार्मिक आयोजन स्थलों की स्वच्छता व सुरक्षा को लेकर संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील मजिस्ट्रेट को दिया जिसमें मांग की गई कि उन्नाव जनपद के समस्त मंदिरो धार्मिक स्थलों व धार्मिक आयोजन स्थलों के सहित मार्गो की सफाई करवाई जाए वह चूना डलवाया जाएगा पूरे नवरात्रि सफाई कर्मियों को उपस्थित रहने व मंदिरों व धार्मिक



स्थल व धार्मिक आयोजन स्थलों को स्वच्छ रखने निर्देश दिए जाएं कूड़ेदान रखे जाएं श्रद्धालुओं को पानी पीने जनपद के टैंकर खड़ी कराई जाए मंदिरों व धार्मिक स्थलों व धार्मिक आयोजन स्थलों पर पुलिस व महिला पुलिसकर्मी लगाए हैं जिसमें लवजिहादियों व शरारती तत्वों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जा सके वह नवरात्रि भर बिजली कटौती न की जाए बिजली नियमित आय उसकी उचित व्यवस्था की जाए व मंदिरों को जाने वाले मार्गो को स्ट्रीट लाइटें सहित करवाएं प्रभारी अंकित शुक्ला ने कहा कि उन्नाव जनपद के समस्त धार्मिक स्थल व संस्थानों स्कूलों व कालेजों के आसपास से शराब मांस की दुकानें हटाई जाए जनपद में संचालित अवैध बूचड़खाने व खुले में जानवर काटने व बेचने वाली दुकानों को अभियान चलाकर बंद कराया जाए ज्ञापन देने वालों में संस्था के लोग क्रम क्रांति फाउंडेशन अध्यक्ष चेतन मिश्रा अनीश गौतम अश्वनी शुक्ला जतिन राज अमन पप्पू कल्लू मोहित शुक्ला आदि।

## जल जीवन मिसन के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। विकासखंड कर्मा पर गुरुवार को प्रधान मन्त्री नरेंद्र मोदी के 72वे जन्मदिनके अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत जल संचयन जल संरक्षण जन जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी का



आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वे जन्मदिन के अवसर पर सेवा सप्ताह के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जल संचयन एवं जल संरक्षण पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने भारत माता के चित्र पर माल्यापण कर लोगों से अपील करते हुए जल संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने सरकार द्वारा चल रही जन कल्याण कारी योजनाओ को पात्रों तक पहुँचाने के लिए कहा। विशिष्ट अतिथि प्रमुख सीमा कोल, एवं खण्ड विकास अधिकारी रविकुमार, ने शासन द्वारा चल रहे जल संचयन के लिए शासन द्वारा जारी योजनाओ पर प्रकाश डाला। सिचाई विभाग के अरुण सिंह नेकहा कि भूगर्भ जल स्तर को बनाये रखने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए हर घरों से निकलने वाले जल को इकट्ठा करे जिससे वह जल जमीन मै जाय। उक्त अवसर पर एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, बृज भूषण यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम अधार, राजेश, मिश्रा, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, विकास सिंह, अंकुर सिंह डॉक्टर गोपाल सिंह भाई शिव शंकर, धीरज कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह वरुण तिवारी, समेत प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभियुक्त को दी गयी सजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 18ध्2009 धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त विनोद गुप्ता उर्फ छोटू पुत्र राम बदन निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध निरन्तर किये गये सराहनीय प्रयासध्पैरवी के फलस्वरुप माननीय एएसजेध्एफटीसी न्यू न्यायालय सोनभद्र द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 19 दिवस के सश्रम कारावास व 12000 रुपये के अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करनें पर 08 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास से दण्डित किया गया ।

बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बाढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी के तहसील रामनगर क्षेत्र अंतर्गत हेतमापुर में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टीमर के माध्यम से बाढ़ क्षेत्र का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण कराया जाए तथा बाढ़ प्रोटोकॉल का पूर्णता अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान फसल नुकसान राशन वितरण ग्राम वासियों से वार्ता राशन वितरण की स्थिति, बाढ़ चौकियों की स्थिति, सीएससी का संचालन, पशुओं की सूची, कोटेदारों की सूची, वितरण लिस्ट सहित संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि फसलों का आकलन कर लिया जाए कि कितना नुकसान हुआ है जिससे जो मदद हो सकेगी की जाएगी। राशन का वितरण समय–समय पर कर लिया जाए तथा सूची भी अपडेट रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि चारा भूसा की आवश्यकता से अधिक स्टोरेज ना किया जाए, जिससे वितरण करने में किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े। यह जिम्मेदारी सुनिश्चित करना प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी का है। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि बाढ़ क्षेत्र में राशन वितरण के लिए 3 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि राशन वितरण सहित सूची भी अंकन किया जाए और समय–समय पर अवगत भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ क्षेत्र में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों सहित संबंधित जगह से गर्भवती महिलाओं की सूची प्राप्त कर उनको संबंधित प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्नेक वेनम प्रत्येक दशा में रखा जाए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाए। इसके उपरांत उन्होंने महादेवा में लोधेश्वर महादेव जी की पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर जिला पूर्ति अधिकारी अपर जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का हुआ अयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत



सरकार एवं जनार्दन प्रसाद मेमोरियल बहुउद्देशीय सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का अयोजन खेसरहा स्थित वजीर अली शाह पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रशिक्षण में साफ पेयजल, व्यक्तिगत स्वच्छता, अथवा अपने आस–पास की सफाई से जुड़े सवालों और गलतफहमियों को समझाया गया। बच्चों को अपने दिनचर्या में सही आदतों का पालन करने, जिसमे सही तरीके से हाथ धोना मुख्य है, इसको न करने से अनेकों बीमारियाँ पनपती हैं, आदि विषयों के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया। साथ ही शौचालय स्वच्छता एवं उसके रख रखाव से संबंधित रोचक क्रीड़ा का आयोजन भी करवाया गया। इस प्रस्तुति में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित परस्पर संवादात्मक एवं दिलचस्प गतिविधियां कराई गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन छात्र–छात्राओं के लिए एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कुल दस बच्चों को हेल्थ एवं वेलनेस एनिमेटर के तौर पर चुना गया। जे पी एम सोसाइटी के जिला परियोजना समन्वयक प्रगति गुप्ता ने बताया कि इन चुने गए छात्र–छात्राओं को नेतृत्व विकास कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण से हेल्थ एण्ड वेलनेस एनिमेटर अपने विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित विषयों पर समाज एवं विद्यालय के छात्रों को जागरूक करते रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रोग्राम कोऑर्डनैटर प्रतीक्षा ओझा, विद्यालय प्रबन्धक जमीर अहमद, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र यादव आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## आर्यावर्त बैंक में उपजिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र रामगढ़ स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा पकरहट में बैठक कर उपजिलाधिकारी राबर्टसगंज रमेश कुमार यादव द्वारा समीक्षा की गई, बैठक में शाखा प्रबंधक नदीम खान से ऋण वितरण और ऋणों की अदायगी की जानकारी ली गई, बैंक से जुड़े खाताधारकों को दी जाने वाली सुविधा तथा शासन स्तर संचालित की जाने वाली कृषि ऋण और विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई, इस दौरान बैंक शाखा के कर्मचारी एवं सम्मानित खातेदार उपस्थित रहे।

## पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। आगामी त्योहारों दशहरा नवरात्रि को लेकर



करमा थाना परिसर में तहसीदार व क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार शाम 4 बजे पीस कमेटी की बैठक आहुत की बैठक में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 3 स्थानों पर रामलीला 29 स्थानों पर दुर्गा पंडाल लगाए जाते हैं और तीन स्थानों पर रावण दहन होता है सभी आयोजकों की यह जिम्मेदारी है कि वह महिला पांडाल व पुरुष पांडाल अलग अलग की व्यवस्था करें शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए वहीं थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने लोगों से शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है किसी भी प्रकार समस्या के लिए आप सीयूजी नंबर पर तत्काल सूचना दे सकते हैं शांति व सौहार्द भंग करने वाले पर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी क्षेत्र में नए पंडाल के लिए अभी कोई परमिशन नहीं है सभी आयोजक अपने अपने कार्यक्रम की जिम्मेदारी अच्छे ढंग से संभाले उक्त अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जन क्षेत्रीय प्रतिनिधि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी रिहंद मे हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के राजभाषा अनुभाग



ने हिन्दी के संवर्धन हेतु मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी विषय पर गुरुवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित कर्मचारी विकास केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी कर्मचारियों तथा कर्मचारियों के आश्रितों ने हिस्सा लेकर अपने भाव रखे। प्रतियोगिता का आयोजन मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के दिशा–निर्देशों में हुआ। प्रतिभागियों ने निबंध के माध्यम से बताया कि भाषाओं में हिन्दी भाषा ही सर्वश्रेष्ठ है। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में कर्मचारियों के आश्रितों के लिए था जिसमें पहले पंजीकरण कराया गया। द्वितीय चरण में कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी कर्मचारियों हेतु किया गया, जिसमें सबसे पहले उन्हे पंजीकृत होना पड़ा उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

# रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है पत्ता गोभी, यहां जानिए इसके स्वास्थ्य लाभ



पत्ता गोभी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट अल्जाइमर जैसी समस्याओं से बचाते हैं। वजन घटाने के लिए गोभी को डाइट में शामिल करें। पत्ता गोभी का सेवन आपकी त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद होता है।पत्ता गोभी के स्वास्थ्य लाभ रू फिट और स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि सब्जियों को आहार में शामिल किया जाए, सब्जियां शरीर में पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं। ऐसे में पत्ता गोभी आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। पत्ता गोभी ज्यादातर सभी को पसंद होती है, इसका इस्तेमाल सिर्फ सब्जी के तौर पर ही नहीं बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में भी किया जाता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है, इसलिए वजन घटाने के लिए डाइटिंग करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो आपकी सेहत को कई फायदे देते हैं। पत्ता गोभी का सेवन न सिर्फ दिल की बीमारियों को दूर करने में मददगार होता है बल्कि यह आपकी त्वचा और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं, पत्ता गोभी के अन्य स्वास्थ्य लाभज

रिपोर्ट के अनुसार पत्ता गोभी में कैलोरी कम और फाइबर अधिक होता है। यह आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगने देता और वजन घटाने में मदद करता है। डाइटर्स के लिए गोभी का सूप और सलाद एक बेहतरीन और पौष्टिक विकल्प माना जाता है।

स्वस्थ दिल के लिए पत्ता गोभीरू

पत्ता गोभी के सेवन से दिल की सेहत ठीक रहती है। उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में पत्ता गोभी पॉलीफेनोल्स से भरपूर होती है जो ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कम कर दिल की बीमारियों के खतरे को कम करती है।

दिमाग के लिए बेस्ट पत्ता गोभी रू

पत्ता गोभी में विटामिन–के भरपूर मात्रा में होता है जो दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होता है। एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में, यह पार्किंसंस रोग, मनोभ्रंश और अल्जाइमर और बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा पत्ता गोभी नींद की समस्या को कम करने और अच्छी नींद लेने में मदद कर सकती है।

पत्ता गोभी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। यह त्वचा पर काले धब्बे और झुर्रियों को कम करने में भी मदद करता है। पत्ता गोभी सिर्फ त्वचा को ही नहीं बल्कि बालों को स्वस्थ और मजबूत रखने में मददगार है। यह कमजोर बालों के झडने और दोमुंहे बालों जैसी समस्याओं को कम करने में भी कारगर है।

## फोटोशूट के लिए पूनम पाडे ने पहनी इतनी छोटी ड्रेस, दिए हद से ज्यादा सिजलिंग पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे हमेशा ही अपने हॉट लुक्स और बोल्डनेस के कारण खबरों का हिस्सा बनी रहती हैं. इस वजह से कई बार वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं. जब से पूनम कंगना रनौत के अत्याचारी शो लॉक अप का हिस्सा बनी हैं, उनकी फैन फॉलोइंग अचानक काफी बढ़ गई है. शो खत्म होने के बाद भी पूनम लगातार चर्चा में हैं. वहीं, दूसरी ओर पूनम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट के पारा हाई कर देती हैं. अपनी हॉटनेस के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरने वाली पूनम पांडे एक बार फिर चर्चा में हैं. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह हमेशा की तरह हद से ज्यादा बोल्ड लग रही हैं. तस्वीरों में पूनम को पिंक कलर की बॉडीकॉन शॉर्ट ड्रेस पहने देखा जा सकता है. इस दौरान वह कैमरे के सामने हद से ज्यादा बोल्ड पोज दे रही हैं. इस लुक में पूनम इतनी ग्लैमरस लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है.

## सैफ अली खान के साथ काम करने में बेहद सहज हैं राधिका आप्टे



आगामी फिल्म श्विक्रम वेधाग्य में तीसरी बार सैफ अली खान के साथ नजर आने वाली अभिनेत्री राधिका आप्टे का कहना है कि वह अभिनेता के साथ काम करने में बहुत सहज हैं, सैफ के साथ वह श्सेक्रेड गेम्सग्य और श्बाजारग्य में पहले भी काम कर चुकी हैं। राधिका ने कहा, मैंने श्विक्रम वेधाग्य को चुना क्योंकि मुझे वास्तव में इस विषय का आनंद मिला, मैंने मूल को देखा, दक्षिण वाला। साथ ही निर्देशक बहुत अद्भुत हैं, और जिस कास्ट के लिए मुझे उनके साथ काम करने का मौका चाहिए था। सैफ के साथ काम करना बहुत अच्छा है, उनके साथ यह मेरा तीसरा प्रोजेक्ट है। मैं उनके साथ काम करने में बहुत सहज महसूस करती हूं, और मैं वास्तव में उन्हें एक व्यक्ति के रूप में पसंद करती हूं, वह बहुत मजाकिया है और जब भी मैं उनसे मिलती हूं तो दिलचस्प बातचीत होती है।

इसके बाद उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ काम करने की बात कही।

और मैं पहली बार ऋतिक से मिली और मेरे पास उनके साथ एक □श्य था और यह वास्तव में बहुत प्यारा था, हां। मुझे वह पसंद है जो निर्देशक फिल्म में कहने की कोशिश कर रहे हैं, मुझे उनकी शैली पसंद है और हमारा सहयोग वास्तव में एक बहुत प्यारा अनुभव था। श्विक्रम वेधाग्य पुष्कर–गायत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन–थ्रिलर है। श्विक्रम वेधाग्य की कहानी ट्विस्ट और टर्न से भरी है, क्योंकि एक सख्त पुलिस वाला विक्रम (सैफ अली खान) एक खूंखार गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रोशन) को ट्रैक करने और उसका पीछा करने के लिए निकलता है।

श्विक्रम वेधाग्य गुलशन कुमार, टी–सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा फ्राइडे फिल्मवर्क्स एंड जियो स्टूडियोज और एक वाईनॉट स्टूडियोज प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार और एस. शशिकांत और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। विक्रम वेधा 30 सितंबर को वैश्विक स्तर पर बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

## निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के साथ करेंगे काम



बेहतरीन एक्शन थ्रिलर और रोमांटिक ड्रामा के लिए मशहूर निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन अगली बार तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। गौतम मेनन ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी तमिल फिल्म वेंधु थानिंधध्ु काडू के प्रचार के लिए आयोजित एक बातचीत के दौरान इसका खुलासा किया। गौतम मेनन ने कहा कि, वह अगले साल एक नई फिल्म में राम पोथिनेनी का निर्देशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, निर्माता श्रवण रवि किशोर लंबे समय से राम पोथिनेनी और उनके बीच एक सेतु थे। दरअसल, द लाइफ ऑफ मुथु कहे जाने वाले वेंधु थानिंधधु काडू का तेलुगु वर्जन श्रावंथी रवि किशोर ने श्रावंथी मूवीज के बैनर तले रिलीज किया था। गौतम मेनन की गैंगस्टर फ्लिक, वेंधु थानिंधध्ु काडू को लेकर राम पोथिनेनी के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। इसमें सिलंबरासन और सिद्धि इदानानी को खूब समीक्षाएं मिल रही हैं। इस बीच, सूत्रों का कहना है कि राम की नवीनतम फिल्म बोयापति रापो पर काम इस महीने के अंत तक शुरू होना है।


